Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Saturday, 17 May 2025 ● Year : 03 ● Issue : 121 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

बहुत कम यादें पछतावे से अछूती होती हैं।

–कृष्ण बलदेव वैद

Karisma Kapoor's Birthday Wish For...

SHARE

सेंसेक्स	:	82,330.59
निफ्टी	:	25,019.80

SARAFA

सोना	:	8,895
चांदी	:	108.0

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

24 मई को होगी नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक

NEW DELHI : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीति आयोग की शासी परिषद की 24 मई को होने वाली बैठक की अध्यक्षता करेंगे। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि शासी परिषद की इस बैठक के एजेंडे को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी नीति आयोग के पदेन अध्यक्ष हैं,जबकि शासी परिषद नीति आयोग का शीर्ष निकाय है। सभी मुख्यमंत्री, केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री इसके सदस्य होते हैं। आम तौर पर शासी परिषद की पूर्ण बैठक हर साल होती है। पिछले साल यह बैठक 27 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई थी।

माउंट एवरेस्ट शिखर से उतरते समय भारतीय पर्वतारोही की हुई मौत

KATHMANDU : विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के शिखर से उतरते समय ऊंचाई संबंधी स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होने के बाद एक भारतीय पर्वतारोही की मौत हो गई। शुक्रवार को एक मीडिया रिपोर्ट से ये जानकारी मिली है। हिमालयन टाइम्स अखबार की खबर के अनुसार, मृतक पर्वतारोही की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी सुब्रत घोष (45) के रूप में हुई है। घोष, 8,848.86 मीटर ऊंचे माउंट एवरेस्ट अभियान के दौरान दम तोड़ने वाले दूसरे विदेशी हैं। खबर के अनुसार, स्नोई होराइजन ट्रेक्स के प्रबंध निदेशक (एमडी) बोधराज भंडारी ने बताया कि घोष की मृत्यु माउंट एवरेस्ट के शिखर बिंदु के पास हिलेरी स्टैप के ठीक नीचे हुई।

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के खिलाफ नई याचिकाओं पर सुनवाई से किया इनकार

NEW DELHI : शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली दो नई याचिकाओं की पड़ताल करने से मना करते हुए कहा, हर कोई अखबारों में अपना नाम देखना चाहता है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि वह 20 मई को सुनवाई के लिए आने वाले लंबित विषय पर फैसला करेगी। इसके बाद, शीर्ष अदालत मामले में अंतरिम राहत के विषय पर सुनवाई करेगी। इनमें से एक याचिका शुक्रवार को सुनवाई के लिए आने पर, केंद्र की ओर से न्यायालय में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाएं अनंत काल तक दायर नहीं की जा सकतीं।

डिजिटल क्रांति से सशक्त हुईं राज्य की आंगनबाड़ी सेविकाएं : हेमंत सोरेन

- प्रोजेक्ट भवन में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने सेविकाओं को दिए स्मार्टफोन
- राज्य की 37,810 आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिला मोबाइल

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड राज्य डिजिटल परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जहां तकनीक विशेष रूप से मोबाइल स्मार्टफोन, महिला सशक्तीकरण और समाज कल्याण की दिशा में नई संभावनाएं खोल रही है। शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में सीएम हेमंत सोरेन ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्ट फोन दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रांति से आंगनबाड़ी सेविकाएं सशक्त हुईं है। इसका परिणाम आने वाले दिनों में दिखेगा। बता दें कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा हाल ही में राज्य की 37,810 आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्टफोन प्रदान किए गए हैं। इसका उद्देश्य सेवा वितरण को पारदर्शी, प्रभावी और डाटा संचालित बनाना है।

स्मार्टफोन से बढ़ा आत्मविश्वास

काके प्रखंड की सरिता कुमारी सुकरुहुटू आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका हैं। उन्होंने बताया कि स्मार्टफोन मिलने से मेरे कार्यों में आत्मविश्वास आया है। अब मैं स्वयं लाभार्थियों की तस्वीरें खींच सकती हूं, आधार प्रमाणीकरण कर सकती हूं और टीएचआर जैसी सेवाएं समय पर दे सकती हूं।

योजनाओं की हो रही निगरानी

स्मार्टफोन के माध्यम से दर्ज किए गए आंकड़ों के आधार पर जिला और राज्य स्तर पर योजनाओं की प्रगति की निगरानी की जा रही है। यह न केवल सेवा वितरण में पारदर्शिता लाता है, बल्कि बुनियादी ढांचे के सुधार और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन में भी मदद करता है।

कार्य निष्पादन में बनीं आत्मनिर्भर

स्मार्टफोन ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को न केवल तकनीकी रूप से सशक्त किया है, बल्कि उन्हें कार्य निष्पादन में आत्मनिर्भर भी बनाया है। पहले जहां सेविकाएं दूसरों के फोन पर निर्भर थीं, वहीं अब वे स्वयं लाभार्थियों का डेटा वास्तविक समय में अंकित कर रही हैं। इस तकनीकी पहल का प्रत्यक्ष प्रभाव राज्य में आईसीडीएस सेवाओं की गुणवत्ता पर पड़ा है। मार्च 2023 में आधार सत्यापित लाभार्थियों की संख्या 17,44,100 (48.03%) थी, जो मार्च 2025 तक बढ़कर 30,11,829 (97.22%) हो गई है।

12 गांवों में खुलेगा नया आंगनबाड़ी केंद्र

सरकार ने 1,200 से अधिक आदिवासी बहुल गांवों की पहचान की है, जहां नए आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से जनजातीय समुदायों को पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा की सेवाएं दी जा रही हैं। जल्द ही इन केंद्रों में सेविका और सहायिका की नियुक्तियां भी की जाएंगी। झारखंड में आंगनबाड़ी केंद्र अब मात्र सेवा वितरण केंद्र नहीं, बल्कि सामुदायिक विकास और महिला सशक्तिकरण के केंद्र बन चुके हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद आक्रामक राजनयिक अभियान को आगे बढ़ा रही सरकार

विदेश जाएंगे भारत के सांसद पाकिस्तान को करेंगे बेनकाब

कई देशों में जाएंगे विभिन्न दलों के एमपी, विस्तार से रखेंगे अपना पक्ष

- विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडलों या उनके सदस्यों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं
- भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, द्रमुक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी), जनता दल (यूनाइटेड), बीजू जनता दल, माकपा और कुछ अन्य दालों के सांसद प्रतिनिधिमंडल में होंगे शामिल
- 10 दिनों के लिए विभिन्न देशों का दौरा करेंगे प्रतिनिधिमंडल के सदस्य
- विदेश मंत्रालय इस राजनयिक मिशन के लिए रवाना होने से पहले सांसदों को देगा पूरी जानकारी

NEW DELHI @ PTI : मोदी सरकार पहलगाम में आतंकवादी हमले के प्रत्युत्तर में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद आक्रामक राजनयिक अभियान के तहत वैश्विक स्तर पर भारत के पक्ष को मजबूती से रखने और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को बेनकाब करने के लिए अगले सप्ताह से विभिन्न देशों में कई बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजेगी। बता दें कि बीते 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इसके बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया तथा पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। राजनयिक अभियान के लिए मुख्य विपक्षी कांग्रेस सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों से सरकार ने इसके लिए आह्वान किया है। कुछ दलों ने राजनयिक प्रयास के लिए अपने सदस्यों को भेजने की मंजूरी भी दे दी है। विदेश जाने वाले इन प्रतिनिधिमंडलों या उनके सदस्यों की संख्या को लेकर फिलहाल कोई स्पष्टता नहीं है, हालांकि कुछ नेताओं ने कहा कि 30 से अधिक सांसद हो सकते हैं। प्रतिनिधिमंडल 10 दिनों की अवधि के लिए विभिन्न देशों का दौरा करेंगे। सांसद सरकार द्वारा निर्धारित देशों का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय इस राजनयिक मिशन के लिए रवाना होने से पहले सांसदों को पूरी जानकारी देगा। सूत्रों ने बताया कि जिन पार्टियों के सांसद प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे उनमें भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी), जनता दल (यूनाइटेड), बीजू जनता दल, माकपा और कुछ अन्य शामिल हैं।

कांग्रेस ने की प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने की पुष्टि

सूत्रों का कहना है कि सरकार की सूची में शामिल कांग्रेस सांसदों में शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद और अमर सिंह शामिल हैं और पार्टी ने पुष्टि की है कि वह प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। सूत्रों ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, जद (यू) के संजय झा, बीजद के सस्मित पात्रा, राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले, द्रमुक की के कनिमोझी, माकपा के जॉन ब्रिटास और एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी को भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनने के लिए कहा जा रहा है। इस मामले पर फिलहाल सरकार की तरफ से आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है।

भारत के रक्षा बजट में 50 हजार करोड़ की वृद्धि का प्रस्ताव

NEW DELHI : केंद्र सरकार पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा बजट में 50 हजार करोड़ रुपये बढ़ा सकती है। रक्षा मंत्रालय ने सरकार को फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जिसे संसद के नवंबर-दिसंबर के दौरान शीतकालीन सत्र में मंजूरी मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि इस फंड से नए हथियार, गोला-बारूद और तकनीक खरीदी जाएंगी। साथ ही सेना की दूसरी जरूरतें, रिसर्च और डेवलमेंट पर भी खर्च किया जाएगा। बढ़ोतरी के बाद रक्षा मंत्रालय का ओवरऑल बजट 7 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को पेश किए गए 2025-26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपए का बजट दिया था। इस साल रक्षा बजट पिछले साल की तुलना में करीब 9.5% ज्यादा है। केंद्र ने 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपये दिए थे। ढट मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के पहले बजट 2014-15 में रक्षा मंत्रालय को 2.29 लाख करोड़ रुपये दिए गए थे।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने सुनी पाकिस्तान में गिराई गई मिसाइलों की गूंज : राजनाथ

AGENCY NEW DELHI : ऑपरेशन सिंदूर स्थगित किए जाने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को गुजरात के भुज में स्थित वायु सेना स्टेशन पर वीर वायु योद्धाओं का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंक के अजगर को कुचलने के लिए भारतीय वायु सेना के लिए सिर्फ 23 मिनट काफी थे। हमारी एयर फोर्स एक ऐसी स्काइफोर्स है, जिसने अपने शौर्य, पराक्रम और प्रताप से आसमान की नई और बुलंद ऊंचाइयों को छू लिया है। जितनी देर में लोग नाश्ता-पानी निपटाते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों का निपटारा कर दिया। आपने दुश्मन की सीमा के भीतर जाकर जो मिसाइल गिराई, उसकी गूंज पूरी दुनिया ने सुनी।

श्रीनगर के बाद भुज एयरबेस पर रक्षा मंत्री ने वायु योद्धाओं का बढ़ाया हौसला

रक्षा मंत्री ने कहा कि अभी कल ही मैं श्रीनगर में सेना के अपने वीर जवानों से मिलकर लौटा हूं। कल मैं भारत के उत्तरी भाग में जवानों से मिला। आज मैं भारत के पश्चिमी भाग में वायु योद्धाओं और जवानों से मिल रहा हूं। दोनों ही मोर्चों पर हाई एनर्जी और हाई जोश देखकर आश्वस्त हो गया हूं कि भारत की सीमाएं आप सभी की मजबूत भुजाओं में पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

आतंकी ढांचे को फिर से खड़ा करने की हो रही कोशिश

राजनाथ सिंह ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुरीदके और बहावलपुर स्थित आतंकी ढांचे को फिर से खड़ा करने के लिए पाकिस्तान सरकार ने आर्थिक सहायता देने का एलान किया है। निश्चित रूप से आईएमएफ से आने वाले एक बिलियन डॉलर के बड़े हिस्से को इसमें इस्तेमाल किया जाएगा। क्या यह अंतरराष्ट्रीय संस्था से अप्रत्यक्ष वित्तपोषण नहीं माना जाएगा। आपने पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की, मगर पाकिस्तान फिर से इस कोशिश में लग गया है कि ध्वस्त हुए आतंकी ढांचे को फिर से खड़ा किया जाए। वहां की सरकार, पाकिस्तानी आम नागरिकों से लिया गया टैक्स जैश-ए- मोहम्मद जैसे आतंकी संगठन के आका मसूद अजहर को करीब चौदह करोड़ रुपये देने में खर्च करेगी।

वज्रपात की चपेट में आए सीआरपीएफ के कमांडेंट की मौत, तीन की हालत नाजुक

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत सारंडा के बालिबा में गुरुवार शाम 5.30 बजे घने जंगल में बने सीआरपीएफ-26 बटालियन के कैंप पर वज्रपात हो गया था, जिसकी चपेट में आकर 4 जवान घायल हो गए थे। इनमें सीआरपीएफ के सेकेंड कमांडेंट एम प्रोबो सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि, तीन अन्य घायल जवानों की हालत भी नाजुक बनी हुई है। पश्चिमी सिंहभूम जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रांची भेजा गया है। जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि नक्सली अभियान के दौरान सारंडा में वज्रपात हुआ था, जिसमें सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी एम प्रोबो सिंह, सहायक कमांडेंट सुबीर कुमार मंडल, झारखंड जगुआर के एएसआई सुरेश भगत और एएसआई चंदलाल हांसदा को नोवामुंडी स्थित अनुमंडल अस्पताल व टाटा मेन हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। हादसे की सूचना मिलते ही किरीबुरु-मेघाहातुबुरु जनरल अस्पताल से ऑक्सीजन सिलेंडर और प्राथमिक चिकित्सा सामग्री के साथ राहत टीम रवाना की गई थी।

बोधगया में बौद्ध भिक्षु बनकर रह रहा बांग्लादेशी नागरिक अरेस्ट

PATNA : बिहार के बोधगया में एक बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा गया है। वह अपनी असली पहचान छुपा कर चोरी छुपे बोधगया के स्लीपिंग बुद्धा मॉनेस्ट्री में बौद्ध भिक्षु बनकर रह रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार बोधगया थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह अपने दल-बल के साथ गश्ती कर रहे थे। यहां स्लीपिंग बुद्धा मॉनेस्ट्री में सुरक्षा के दृष्टिकोण से जांच की गई। बुद्धा इंटरनेशनल वेलफेयर मिशन में रहने वाले लोगों का सत्यापन किया गया।

टीएसपीसी का सब-जोनल कमांडर दिवाकर गंझू अपने सहयोगी अक्षय गंझू के साथ अरेस्ट

- रांची पुलिस ने चैनगढ़ा गम्हरिया के जंगल से दोनों को किया गिरफ्तार

गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के खिलाफ रांची पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर चैनगढ़ा गम्हरिया के जंगल में चलाए गए छापामारी अभियान में संगठन के सब-जोनल कमांडर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी और उसके सहयोगी अक्षय गंझू उर्फ टीरू को गिरफ्तार कर लिया गया। ये दोनों किसी बड़ी नक्सली वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे और राहगीरों को रोककर मोबाइल की जांच कर मारपीट कर रहे थे।

पुलिस उपमहानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रांची और पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक खलारी और थाना प्रभारी बुढ़मू के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल गठित किया गया। टीम ने गम्हरिया जंगल की घेराबंदी कर दिवाकर और अक्षय को हथियार और नक्सली साहित्य के साथ दबोच लिया। उनके कई साथी जंगल का लाभ उठाकर फरार हो गए। गिरफ्तारी के दौरान उनके पास से 2 देसी पिस्तौल, 6 गोलियां, टीएसपीसी के पर्चे, 5 मोबाइल फोन, 4 जियो राउटर, 3 पावर बैंक, 4 चार्जर समेत अन्य सामान बरामद किए गए हैं। दिवाकर गंझू करीब 15 वर्ष पूर्व टीएसपीसी में शामिल हुआ था।

अलर्ट नियम का उल्लंघन कर तेज गति से कार चलाने पर होगी कार्रवाई

वाहनों की स्पीड मापने के लिए अब रडार सिस्टम का होगा उपयोग

PHOTON NEWS RESEÔRCH DESK : लगभग रोजाना देखने और सुनने को मिलता हैं कि देश के विभिन्न हिस्सों में सड़क हादसे बड़ी संख्या में होते हैं। ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने की वजह से भी ये हादसे होते हैं और लोगों की जान चली जाती है। सड़क सुरक्षा और लोगों की जान बचाने के लिए केंद्र सरकार ने नियमों में बड़े परिवर्तन की घोषणा की है। वाहन चालन के समय इन नियमों का सख्ती से सभी को पालन करना होगा। यह महत्वपूर्ण है कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए बहुत पहले से सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी सिलसिले में केंद्र सरकार की ओर से अब एक बड़ा कदम उठाया गया है। सड़क सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए और ट्रैफिक की दिक्कतों को कम करने के लिए एक नया उपकरण लाया गया है। वाहन की गति को मापने के लिए अब रडार सिस्टम का प्रयोग किया जाएगा। सरकार ने विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम 2011 के अंतर्गत वाहनों की गति मापने वाले रडार के लिए नियम नोटिफाई किए हैं। इसे एक जुलाई से लागू किया जाएगा।

नए उपायों से प्रौद्योगिकी, विश्वसनीयता व कानूनी जवाबदेही को मिलेगा बढ़ावा

- हादसों को रोकने या कम करने के लिए केंद्र सरकार ने की कारगर पहल
- विभाग ने जारी किया नोटिफिकेशन, एक जुलाई से लागू होंगे नए नियम
- सड़क सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए बनाया गया नया उपकरण
- तकनीकी और सभी सुरक्षा जरूरतों का पूरा करते हैं न्यू रूल्स

माइक्रोवेव डॉपलर रडार उपकरण

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बयान में कहा कि नए नियम लागू होने से उद्योगों और प्रवर्तन एजेंसियों को प्रावधानों का अनुपालन करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। ये सड़कों पर वाहनों की गति मापने के लिए व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले माइक्रोवेव डॉपलर रडार उपकरण पर लागू होंगे। ये नियम विस्तृत तकनीकी और सुरक्षा जरूरतों का पूरा करते हैं। ऐसे उपायों से प्रौद्योगिकी विश्वसनीयता और कानूनी जवाबदेही को बढ़ावा मिलेगा। उपकरणों को सत्यापन से गुजरना होगा और तैनाती से पहले आधिकारिक सत्यापन और मुहर हासिल करनी होगी। इस प्रक्रिया का उद्देश्य गति और दूरी माप के लिए सटीक आंकड़ों की गारंटी देना है, जो यातायात कानून लागू करने के लिए महत्वपूर्ण है। इन नियमों के कार्यान्वयन से सभी पक्षों को कई लाभ मिलेंगे।

- नए प्रावधानों के अनुपालन के लिए उद्योगों व प्रवर्तन एजेंसियों को मिलेगा पर्याप्त समय

रोका जा सकेगा अनुचित दंड

आम लोगों के लिए रडार आधारित गति माप उपकरणों का अनिवार्य सत्यापन और स्टाम्पिंग, गति सीमाओं के सटीक प्रवर्तन को सुनिश्चित करेगा, जिससे अनुचित दंड को रोका जा सकेगा और सड़क सुरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उद्योगों के लिए विशेष रूप से रडार आधारित गति मापन उपकरणों के विनिर्माण में शामिल उद्योगों के लिए नए नियम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एक स्पष्ट तकनीकी और नियामकीय ढांचा स्थापित करते हैं।

मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार और विस्फोटक बरामद

IMPHAL : मणिपुर में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए अलग-अलग अभियानों में आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी बरामद किया है। मणिपुर पुलिस के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि सुरक्षाबलों ने थौबल जिले के हीरोक पार्ट-क्क्क के खेतलमानबी लाउकोन इलाके से प्रीपाक (प्रो) संगठन के कैडर लैशराम ननाओ सिंह उर्फ अचुल उर्फ रोगेन (39) को गिरफ्तार किया। उसके पास से .303 राइफल, चार संशोधित सिंगल बोर राइफल, 54.303 राउंड, 14 राउंड 7.62 मिमी सहित कई सामान बरामद हुआ।

43 डिग्री के पार पहुंचा पलामू का पारा

- मौसम के मिजाज में उतार-चढ़ाव जारी, आज से राहत की उम्मीद
- कई जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में मौसम के मिजाज में उतार-चढ़ाव जारी है। दिन में चिलचिलाती धूप से तापमान बढ़कर 43 डिग्री के पार पहुंच गया है। पलामू में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 43.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने 17 मई से गर्मी से राहत मिलने की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग के अनुसार, 17 मई को राज्य के पश्चिमी जिलों को छोड़कर शेष हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। बारिश होने के बाद तपमान में कमी आने की उम्मीद है।

राज्य के कुछ जिलों में तापमान 41 डिग्री के पार पहुंच गया है। राज्य के जिन जिलों में तापमान 41 डिग्री के करीब पहुंच गया है। इनमें गढ़वा 41.8, गोड्डा 41.6 और सरायकेला-खरसांवा में तापमान 41.9 डिग्री शामिल हैं। कुछ जिलों में तापमान 40 डिग्री के करीब है। इनमें जमशेदपुर में 39.5, चाईबासा 39.4, चतरा 39.2, हजारीबाग 39 डिग्री तथा जामताड़ा में अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बता दें कि मौसम विभाग ने पूर्व में ही मई के अंतिम हफ्ते में राज्य में प्रचंड गर्मी पड़ने की आशंका व्यक्त की थी।

BRIEF NEWS

भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

KHUNTI : पहलगाम में बेकसूर पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश के वीर सैनिकों के सम्मान में शुक्रवार को खूंटी में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें राजनेता, समाजसेवी, व्यापारी, विद्यार्थी सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इस संबंध में भाजपा के पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से भाजपा न केवल ऑपरेशन की सफलता को जन-जन तक पहुंचाना चाहती है, बल्कि देशवासियों में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को भी जगाना चाहती है। पार्टी ने सभी कार्यकताओं, सभी इकाइयों, देशभक्त नागरिकों सहित दानी पब्लिक स्कूल और स्पिरिंगडेल पब्लिक स्कूल प्रबंधन को इस तिरंगा यात्रा में सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी है। तिरंगा यात्रा में राज्यसभा के पूर्व सांसद और अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संतोष जायसवाल, भाजपा के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, शशि पाण्डेय, राखी कश्यप, विमला देवी, विनोद जयसवाल, मुकेश जयसवाल सहित कई लोग शामिल थे।

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर 45 यूनिट रक्तदान

JAMSHEDPUR : टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) ने शुक्रवार को धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया। इस अवसर पर अस्पताल में एक सप्ताह तक कार्यक्रम हुए, जिनका उद्देश्य नर्सिंग स्टाफ की अटूट निष्ठा और सेवा भावना को सम्मानित करना था। इस वर्ष की थीम- हमारी नर्सें- हमारा भविष्य। इसी अवसर पर टीएमएच में रक्तदान शिविर लगा, जिसमें स्वास्थ्य सेवा के सभी वर्गों के कर्मी, विशेषकर नर्सिंग छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शिविर में कुल 45 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। रक्तदाताओं में आधी हिस्सेदारी महिला रक्तदाताओं की थी, यह एक दुर्लभ और प्रेरणादायक उपलब्धि थी, जिसे उपस्थित अधिकारियों ने भी सराहा। सप्ताह भर चले कार्यक्रमों का मुख्य आकर्षण एक विशेष समारोह रहा, जिसकी अध्यक्षता डी. बी. सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेंटइ्स कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने की। कार्यक्रम में टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी की भी उपस्थिति रही। इस आयोजन में टाटा मेन हॉस्पिटल की नर्सिंग स्टाफ, टाटा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों के एचओडी तथा वरिष्ठ अधिकारियों सहित कुल 850 से अधिक लोगों ने सहभागिता की। यह समारोह नर्सिंग समुदाय की अदम्य सहनशक्ति, निष्ठा और करुणा को समर्पित एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि थी। अपने संबोधन में सुंदरा रामम ने नर्सों द्वारा निभाई जा रही अग्रिम पंक्ति की नेतृत्वकारी भूमिका और उनकी निःस्वार्थ सेवा की प्रशंसा की। वहीं संजीव चौधरी ने नर्सिंग स्टाफ के स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए उनके प्रति निरंतर समर्थन और सम्मान की आवश्यकता पर बल दिया।

गिरिडीह में नक्सलियों के डंप से मिला हथियारों का जखीरा

एसएलआर व इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर भी मिले

पत्रकारों को बरामद सामानों की जानकारी देते एसपी व सीआरपीएफ के अधिकारी ● फोटोन न्यूज

AGENCY GIRIDIH : नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों के नक्सलियों के खिलाफ पुलिस और सीआरपीएफ के जवान लगातार कार्रवाई कर रहे है। इसी क्रम मे शुक्रवार को जिले के नक्सल प्रभावित खुखरा थाना इलाके के चतरो के कानाडीह और गार्दी के घने जंगल मे छिपाकर पानी टंकी (डंप) में रखे विस्फोटक पदार्थ और हथियारों को पुलिस ने बरामद किया है। बरामद पानी टंकी से हथियार और कारतूस के साथ विस्फोटक पदार्थ जब्त किये गये। खुखरा थाना इलाके से मिले सफलता के बाद एसपी डॉक्टर विमल कुमार, एएसपी सुरजीत कुमार और सीआरपीएफ 154 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट दलजीत सिंह भाटी ने प्रेसवार्ता कर कहा की सुरक्षाबलों ने छापेमारी कर जमीन के अंदर दबाकर रखी गई पानी टंकी को निकाला। जिसमे कई बंदूके, देशी कट्टा, सेमी आटोमेटिक कट्टा सहित कई हथियार और विस्फोटक पदार्थ जब्त किये गये । बरामद सामानों में 12 राइफल, एक डबल बैरल गन, एक एसएलआर, दो वायर कटर, तीन मैगजीन पाउच, आठ इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, 14 बंडल कोडेक्स वायर, दो देसी कट्टा, एक सेमी राइफल सहित कई अन्य सामान शामिल है।

स्कॉर्पियो से हो रही थी नकली शराब की तस्करी 680 बोतल के साथ तस्कर किया गया गिरफ्तार

RAMGARH : झारखंड से नकली शराब की तस्करी बिहार राज्य में अक्सर होती रहती है। रामगढ़ पुलिस ने ऐसे ही एक नकली शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 680 बोतल नकली शराब बरामद हुआ है। इस मामले की जानकारी शुक्रवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसपी अजय कुमार ने बताया कि एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो बी आर 01 पी बी 6620 से अवैध नकली शराब की तस्करी होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर रामगढ़ थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी शुरू की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मायाटुंगरी मंदिर के सामने सफेद रंग का स्कॉर्पियो को आते देख रूकने का ईशारा किया तो वाहन का चालक पुलिस को देखकर वाहन खड़ा कर भागने लगा। पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति बिहार राज्य के मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत सकरा थाना क्षेत्र निवासी अशोक कुमार से पुलिस ने पूछताछ की। उसने बताया कि वह नकली शराब की तस्करी अपने दोस्तों के साथ मिलकर कई महीनो से कर रहा था।

पुलिस गिरफ्त में तस्कर व मामले की जानकारी देते एसपी अजय कुमार

बिहार आई बैंक ट्रस्ट का नाम बदलें : राज्यपाल

RANCHI : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की अध्यक्षता में शुक्रवार को बिहार आई बैंक ट्रस्ट की राज भवन में बैठक हुई। बैठक में ट्रस्ट की वर्तमान गतिविधियों, भावी योजनाओं और संगठनात्मक स्वरूप पर विस्तृत चर्चा की गई। राज्यपाल ने उक्त अवसर पर कहा कि झारखंड राज्य के गठन को दो दशक से अधिक समय बीत चुका है, इसके बावजूद ट्रस्ट का नाम अब भी 'बिहार आई बैंक ट्रस्ट' ही है। उन्होंने इसके नाम में शीघ्र परिवर्तन के लिए निर्देशित किया। राज्यपाल ने सभी ट्रस्टी से कहा कि यह ट्रस्ट लोगों को बेहतर नेत्र उपचार की सुविधा उपलब्ध कराकर समाज में एक विशिष्ट पहचान स्थापित करे। उन्होंने कहा कि बिहार आई बैंक ट्रस्ट नेत्र रोगों के उपचार एवं नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रमों को भी बढ़ावा दें। राज्यपाल ने कहा कि उनके द्वारा बरेली में प्रतिवर्ष नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है और हजारों लोगों के नेत्र का निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाता है।

बहू ने ससुर पर लगाया प्रताड़ना का आरोप, बुजुर्ग ने की खुदकुशी

AGENCY PALAMU : बहू की ओर से महिला थाने में शिकायत करने के बाद 55 वर्षीय ससुर ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। यह घटना जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के तेनुडीह गांव के धनीडीह टोला में हुई। महिला ने अपने ससुर पर प्रताड़ित और मारपीट करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा दिया है। मृतक की पहचान लालमोहन विश्वकर्मा के रूप में हुई है। मृतक की बड़ी बहू शिवानी देवी, पति बीरेंद्र विश्वकर्मा ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि ससुर उसे लगातार प्रताड़ित करते हैं और मारते-पीटते हैं। शिकायत के बाद पुलिस ने

लालमोहन को थाने में बुलाया और घंटों बैठाए रखा। लालमोहन से पूछताछ के बाद शाम को उन्हें पुत्र बीरेंद्र विश्वकर्मा के साथ घर भेज दिया। मृतक के पुत्र ने बताया कि उनके पिता रात को सामान्य रूप से घर पहुंचे और खाना खाकर सो गए। शुक्रवार सुबह देर तक कमरे से पिता के नहीं निकलने पर पुत्र ने दरवाजा खटखटाया। जब कोई जवाब नहीं मिला तो दरवाजा तोड़ा गया। अंदर लालमोहन का शव फंदे से लटका मिला। परिजनों ने तुरंत छतरपुर पुलिस को सूचना दी। सब इंस्पेक्टर अशोक टोप्पो दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेजा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस मामले में पुलिस ने बताया कि क्या मामला है हमलोग जांच कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।

झारखंड के 15 बाल वैज्ञानिक जाएंगे दिल्ली

RANCHI : स्कूली शिक्षा और एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान की ओर से राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी सह प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता इंस्पायर अवॉर्ड-मानक के अंतर्गत अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, जिला स्कूल में शुक्रवार को आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ 15 बाल वैज्ञानिकों के प्रदर्श को राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया। प्रतियोगिता में कुल 139 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इसके पूर्व विज्ञान प्रदर्शनी का उदघाटन मुख्य अतिथि निदेशक प्राथमिक शिक्षा शशि प्रकाश सिंह ने किया। वहीं नोडल पदाधिकारी सह आरडीडीइ नीलम आईलिन टोप्पो ने कार्यक्रम के उद्देश्य और झारखंड की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उन्होंने नये प्रयोग करने पर जोर दिया। इस अवसर पर उप निदेशक माध्यमिक शिक्षा अलका जायसवाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार सिंह, जैक सदस्य भरत बड़ाईक ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

महिला विवि ने मनमाने ढंग से बीएड छात्राओं को बांटे स्कूल

JAMSHEDPUR : शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत बीएड प्रशिक्षुओं के अभ्यास पाठ के लिए स्कूल आवंटन को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें बीएड कॉलेजों के प्रतिनिधि और विद्यालय आवंटन समिति के चार सदस्य शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य सत्र 2023-25 के प्रशिक्षुओं को स्कूल कैसे आवंटित किए जाएं, इस पर चर्चा करना था। बैठक में उस समय विवाद खड़ा हो गया जब कुछ बीएड कॉलेजों ने जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के बीएड विभाग पर बिना समिति की स्वीकृति के स्कूल आवंटन करने का आरोप लगाया। कॉलेजों ने कहा कि जेसीईआरटी का आदेश सभी संस्थानों पर लागू होता है, लेकिन महिला विवि का बीएड विभाग मनमानी कर रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर महिला विवि अपनी मर्जी से स्कूल बांट सकता है, तो वे भी ऐसा क्यों न करें। इस पर उपायुक्त ने महिला विवि के प्रतिनिधियों से पूछा कि उन्होंने समिति की अनुमति के बिना स्कूल कैसे आवंटित कर दिए। डीसी ने यह भी आपत्ति जताई कि सभी छात्राओं को निजी स्कूलों में भेजा गया, जबकि सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। डीईओ से जेसीईआरटी के निदेशों की कॉपी मंगाई गई। डीसी ने कहा कि पहले वे निदेशों का अध्ययन करेंगे, फिर संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर ही स्कूल आवंटन पर फैसला लिया जाएगा। जांच में यह बात सामने आई कि महिला विवि पिछले चार साल से डीईओ की मिलीभगत से बिना समिति की स्वीकृति के स्कूल आवंटन कर रहा है।

जरूरतमंदों को प्राथमिकता के साथ दें सरकारी योजनाओं का लाभ : उपायुक्त

डीसी की अध्यक्षता में कल्याण विभाग व आईटीडीए से संचालित विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

PHOTON NEWS LATEHAR : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आईटीडीए) एवं कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की कार्य प्रगति की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई।

उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग एवं आईटीडीए से संचालित योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें, ताकि अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति,पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के व्यक्तियों का जीवन स्तर बेहतर हो सके। आगे उन्होंने कहा कि निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप

समाहरणालय सभागार में बैठक करते उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता (दाएं)

योजनाओं का क्रियान्वयन हो, इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पदाधिकारी एवं कार्यकारी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता योजनाओं की गुणवत्ता की जांच करें। विशेष प्रमंडल से संचालित योजनाओं की समीक्षा एवं प्रगति की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, बिरसा आवास योजना, कब्रिस्तान, घेराबंदी, छात्रावास निर्माण समेत अन्य विभागीय योजनाओं में अधतन प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अब तक हुए मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, छात्रवृत्ति भुगतान की जानकारी लेते हुए शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं को छात्रवृति से आच्छादित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आवासीय विद्यालय, छात्रावास का निर्माण एवं जीर्णोद्धार की समीक्षा किया और जीर्णोद्धार कार्य को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया।

बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल कमलेश कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

अभिजीत ग्रुप का टावर कटिंग कर वाहन में लोड करते पांच गिरफ्तार

RANCHI : रांची के मांडर थाना पुलिस ने सकरा में अभिजीत ग्रुप के हाईटेंशन तार के लोहे के पोल (टावर) कटिंग कर वाहन में लोड करते पांच अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में मांडर थाना क्षेत्र के सकरा निवासी हफीजुल अंसारी, साहिद अंसारी, लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के ब्रहमणी निवासी मो० रसीद अंसारी, बालूमाथ थाना क्षेत्र के मुरगांव निवासी सुनील गंझु और बुधु गंझू का नाम शामिल है। इनके पास से पिकअप (ओडी24जी 7126) उसपर लोड में 22 गैस सिलेन्डर, पिकअप (जेएच03के8542) पर लोड टावर का कटिंग किया हुआ एंगल, पिकअप (जेएच03वी 0347) पर टावर का कटिंग किया हुआ एंगल और पिकअप (जेएच01एफके3221) पर टावर का कटिंग किया हुआ एंगल लोड जब्त किया गया है। शुक्रवार को डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि शुक्रवार को करीब 1:40 बजे सूचना मिली कि माण्डर थाना क्षेत्र के ग्राम सकरा से दक्षिण दिशा स्थित खेत में अभिजीत ग्रुप के जरिये लगाया गया हाईटेंशन तार के लोहे के पॉल (टावर) को कुछ अज्ञात अपराधी काट कर बेचने के लिए पिकअप वाहन में लोड कर रहे है।

गिरिडीह में पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को किया अरेस्ट

AGENCY GIRIDIH : पुलिस ने देश के विभिन्न राज्यो में 15 करोड़ से अधिक की ठगी करने वाले दो शातिर साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि एसपी डॉ बिमल कुमार को मिली गुप्त सूचना पर साइबर डीएसपी आबिद खान ने दोनों शातिरों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को डीएसपी आबिद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी को जानकारी मिली कि गांडेय थाना इलाके के पंदनाटाड़ निवासी रफाउल अंसारी और मो. समीर अंसारी के द्वारा कई राज्यों के लोगों को ठगा गया है और अभी भी दोनों यही काम कर रहे हैं। जानकारी के बाद टीम गठित करते हुए गिरिडीह के बेंगाबाद थाना अन्तर्गत बेरगी रेलवे ब्रिज (जामबाद, लालपुर टोला) के पास

पुलिस गिरफ्त में साइबर अपराधी

से दोनों को गिरफ्तार कर इनके पास से सात मोबाइल, 11 सिमकार्ड, तीन एटीएम और पैन कार्ड बरामद किया गया है। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद दोनों ने पूछताछ के क्रम में साइबर ठगी का जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि दोनों अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों को फोन कर केवाईसी अपडेट करवाने के नाम पर ठगी करते है। इसके अलावा एयरटेल पेमेंट बैंक एवं बंधन बैंक का एपीके फाइल भेज कर भी लोगों के साथ ठगी करते है। बताया गया कि दोनों को जेल भेज दिया गया। डीएसपी आबिद खान ने बताया कि दोनों के खिलाफ यूपी, बिहार, पंजाब, छतीसगढ़, मध्य प्रदेश, दिल्ली सहित अन्य राज्य में 15, 16 मामले दर्ज है।

बॉर्डर पर वन भूमि में ईंट भट्ठे का हो रहा संचालन

इसी स्थान पर चलाया जा रहा भट्ठा ● फोटोन न्यूज

PALAMU : पलामू जिले के तरहसी और नावाजयपुर थाना क्षेत्र के बॉर्डर इलाके में स्थित कनौदी और सोनपुरवा गांव में वर्षों से अवैध रूप से ईंट भट्ठे का संचालन किया जा रहा है। इस भट्ठे का संचालन वन भूमि पर हो रहा हैं, लेकिन वन विभाग चुप्पी साधे हुए है। कनौदी गांव के संजय कुमार सिंह की ओर से 25 वर्ष से ईंट भट्ठे का संचालन करने की जानकारी सामने आयी है। इतने लंबे समय के बावजूद वन विभाग इस ईंट भट्ठे पर कार्रवाई नहीं कर क्षेत्र का आकलन करने में जुटा है। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो विभागीय लापरवाही के कारण वन भूमि का दोहन लगातार जारी है और इसके पर्यावरणीय दुष्परिणाम भी सामने आने लगे हैं। जब इस संबंध में संजय सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जिस भूमि पर भट्ठा संचालित हो रहा है, वह जीएम लैंड (सरकारी भूमि) है। यह भी दावा किया कि भूमि कनौदी निवासी झरी महतो और सकेंद्र साव के नाम पर बंदोबस्त है और उन्हीं की अनुमति से वह भट्ठा चला रहे हैं। नावाजयपुर क्षेत्र के प्रभारी वनपाल रामाशीष कुमार से शुक्रवार को बातचीत की गई, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि की प्रकृति को लेकर विभाग के पास कोई पुख्ता दस्तावेज नहीं हैं। वन विभाग के सीमांकन पिलर मौजूद न होने के कारण अभी यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि भूमि वन क्षेत्र की है या नहीं।

केंद्र सरकार ने दिया मानसून से पहले बांटने का आदेश, तीन माह का अग्रिम राशन करना है वितरित

धनबाद को मिला 2.70 लाख क्विंटल अनाज

PHOTON NEWS DHANBAD : मानसून आने से पहले राशन कार्डधारकों के लिए अच्छी खबर है। 15 जून तक सभी कार्डधारकों को तीन माह के अग्रिम राशन का वितरण होगा। इस दिशा में जिला आपूर्ति विभाग की ओर से वितरण कार्य शुरू भी कर दिया गया है। पहले चरण में 31 मई तक जून और जुलाई का अनाज वितरण होगा, जबकि 15 जून तक अगस्त का भी अनाज सभी कार्डधारकों को दिया जाएगा। इसे लेकर विभाग की ओर से सभी जनवितरण दुकानदारों का राशन उठाव करने और वितरण करने का आदेश दिया गया है। इसके तहत कुल 2.70 लाख क्विंटल राशन का वितरण किया जाना है।

18.70 लाख उपभोक्ता

धनबाद जिले में जन वितरण प्रणाली के तहत राशन प्राप्त करने वाले कुल कार्डधारक 4.40 लाख हैं और इस पर कुल 18.70 हजार सदस्यों तक राशन पहुंचता है। जबकि इनमें से करीब 98 हजार ऐसे कार्डधारक हैं जो छह माह से लेकर पांच साल से राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं।

15 जून तक करना होगा वितरण



> विभागीय आदेश के अनुरूप खाद्यान्न के उठाव, भंडारण और वितरण को लेकर कार्य शुरू कर दिया गया है। सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों और जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को आदेश निर्गत किया जा चुका है। हर माह के राशन वितरण के लिए अलग-अलग बायोमीट्रिक लिया जाना है।
>
> – प्रदीप शुक्ला, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, धनबाद

गोदाम के आसपास के भवनों में भी होगा भंडारण

आपूर्ति विभाग की ओर से राज्य खाद्य आपूर्ति निगम को यह आदेश दिया गया है कि अतिरिक्त अनाज के भंडारण के लिए सरकारी गोदामों के अलावा आसपास के सरकारी भवनों का चयन भी करना है। पैक्स के गोदामों को भी लिया जाना है।

पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा कल जमशेदपुर में बनाए गए 12 केंद्र

JAMSHEDPUR : झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) द्वारा 18 मई को पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा होगी। इसके लिए जमशेदपुर में 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 7507 परीक्षार्थियों के शामिल होने का अनुमान है। जमशेदपुर के साथ ही रांची, हजारीबाग, धनबाद, बोकारो, चाईबासा, दुमका और पलामू सहित राज्य के आठ जिलों में भी आयोजित होगी। परीक्षा ऑफलाइन मोड में ओएमआर शीट पर सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक एक पाली में ली जाएगी। इसमें बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जिसमें प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक और गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक की निगेटिव मार्किंग की जाएगी। परीक्षा में भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित से कुल 150 प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा का एडमिट कार्ड अपलोड कर दिया गया है। परीक्षार्थी आधिकारिक वेबसाइट jceceb.jharkhand.gov.in से प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इस परीक्षा के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2025-26 में सरकारी और निजी पॉलिटेक्निक संस्थानों में इंजीनियरिंग-डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश मिलेगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे प्रवेशपत्र और वैध फोटो पहचान पत्र साथ लाएं।

इन सेंटरों पर होगी परीक्षा

केंद्र का नाम : परीक्षार्थियों की संख्या	
एलबीएसएम कॉलेज :	1080
करीम सिटी कॉलेज :	1068
कोआपरेटिव कॉलेज :	1056
दयानंद पब्लिक स्कूल :	727
ग्रेजुएट कॉलेज :	720
जेकेएस कॉलेज ऑफ कॉमर्स :	552
आरकेएम लेडी इंदर सिंह हाईस्कूल :	552
गुरुनानक हाईस्कूल गोलमुरी :	456
आदिवासी हाईस्कूल सीतारामडेरा :	384
एबीएम कॉलेज गोलमुरी :	360
सिस्टर निवेदिता गर्ल्स हाईस्कूल :	288
शारदामणि गर्ल्स हाईस्कूल साकची :	264
कुल :	7507

BRIEF NEWS

फुटपाथ दुकानदारों के पक्ष में संजय सेठ ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

RANCHI : केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र के जरिये उन्होंने मोरहाबादी में सब्जी और फल बेचने वाले फुटपाथ दुकानदारों पर हुई अमानवीय कार्रवाई की कड़ी शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि काफी लंबे समय से यहां फुटपाथ पर सब्जी और फल की दुकान लगाई जा रही है, परंतु दो दिन पूर्व इन दुकानदारों पर की गई कार्रवाई मानवता को शर्मसार करने वाली है। वहां से सैकड़ों परिवारों का लालन-पालन होता है। लोग फल-सब्जी बेचकर अपना घर चलाते हैं। उन्हें स्थायित्व प्रदान करने के बजाय यह कार्रवाई बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इन दुकानदारों में ज्यादातर संख्या ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े लोगों की रहती है। कई ग्रामीण किसान खुद की उपजाई सब्जी, फल और फसल बेचने के लिए यहां आते हैं।

भाजपा के नेता लगातार कर रहे सेना का अपमान : कांग्रेस

RANCHI : भाजपा के नेता लगातार देश की सेना का अपमान कर रहे हैं। भाजपा नेताओं ने इसे लेकर एक अभियान छेड़ रखा है। यह बातें प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनाल शांति ने शुक्रवार को कही। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि देश की सेना और सैनिक मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं। यह बात पूरी तरह बर्दाश्त के बाहर है। उन्होंने कहा कि सेना के शौर्य और विजय का श्रेय लूटने के फेर में प्रधानमंत्री की चापलूसी करने की सारी सीमाओं को भाजपा नेता लांघ चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि चापलूसी की ओलंपिक प्रतिस्पर्धा होती तो पूरे विश्व में सबसे ज्यादा स्वर्ण पदकों के साथ भाजपा के चापलूसवीर पहले पायदान पर होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं का राजनीतिक और चारित्रिक संस्कार पूरे देश के सामने प्रतिदिन उजागर हो रहा है। पहले मंत्री विजय शाह ने सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान किया।

एनएसएपी के वार्षिक भौतिक सत्यापन को लेकर हुई बैठक

RANCHI : राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजनाओं के लाभुकों के वार्षिक भौतिक सत्यापन को लेकर शुक्रवार को पंचायत सचिवालय बेड़ो में बैठक हुई। अध्यक्षता पंचायत की मुखिया सुशांति भगत ने की। प्राप्त निर्देश के अनुसार, केंद्र प्रायोजित योजनाओं एवं राज्य सरकार की पेंशन योजनाओं के सभी लाभुकों का वार्षिक भौतिक सत्यापन 30 मई तक अनिवार्य रूप से कर जिला समाज कल्याण कार्यालय को प्रतिवेदित करना है। इसी क्रम में पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने पंचायत क्षेत्र के सभी लाभुकों का निर्धारित प्रपत्र पर सत्यापन कर संबंधित कार्यालय को समर्पित करें।

पीवीटीजी समुदाय की सेहत पर हेमंत सरकार कर रही स्पेशल फोकस

मोबाइल हेल्थ क्लिनिक के लिए स्वास्थ्य विभाग ने स्वीकृत किए 5.90 करोड़ रुपये

PHOTON NEWS RANCHI : हेमंत सरकार राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को पटरी पर लाने में जुटी है। मरीज को अपने आसपास में ही बेहतर इलाज मिले इसके लिए प्रयास भी किया जा रहा है। इस बीच स्वास्थ्य विभाग ने मोबाइल हेल्थ क्लिनिक के लिए 5.90 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इससे क्लिनिक का संचालन किया जाएगा। यह योजना राज्य के सभी 24 जिलों में लागू की जाएगी, जहां पीवीटीजी समुदायों की संख्या अधिक है।

दो हिस्से में बांटा गया बजट : इस योजना के तहत कुल दो हिस्सों में बजट को विभाजित किया गया है। पहले भाग में 11 जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, दुमका, जामताड़ा, लातेहार, साहिबगंज, लोहरदगा, खूंटी, गुमला और चाईबासा को कुल 2 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। वहीं दूसरे भाग में बचे हुए 13 जिलों बोकारो, सरायकेला-खरसावां, देवघर, पलामू, गिरिडीह, गोड्डा, गढ़वा, कोडरमा, पाकुड़, रामगढ़, हजारीबाग, चतरा और सिमडेगा को कुल 3.90 करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं।

» सुदूर और पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले पीवीटीजी समुदायों को समय पर मिलेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

» समुदाय के कुपोषण, बीमारी और मृत्यु दर को कम करना है लक्ष्य

इस कार्य में खर्च की जाएगी राशि

इस बजट के माध्यम से जिलों में चलंत स्वास्थ्य क्लिनिक के संचालन, मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति, आवश्यक उपकरणों की खरीद और आदिम जनजातियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने पर ध्यान दिया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक जिला स्तर पर संबंधित सिविल सर्जन को व्ययन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है, जो राशि के उपयुक्त उपयोग और सेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे। सरकार की इस पहल का उद्देश्य है कि सुदूर और पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले पीवीटीजी समुदायों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। जिससे उनमें कुपोषण, बीमारी और मृत्यु दर को कम किया जा सके।

14 साइट्स पर डेंगू और चिकनगुनिया का हो रहा मुफ्त इलाज

RANCHI : राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर शुक्रवार को राज्य भर में डेंगू से बचाव को लेकर विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस वर्ष का थीम शीघ्र कार्रवाई करें, डेंगू को रोकें, स्वस्थ परिवेश, स्वस्थ जीवन है। इसका उद्देश्य लोगों को डेंगू से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना और स्वच्छता की आदतें विकसित करना है। इस दौरान बताया गया कि राज्य में वर्तमान में 14 सेंटिनल साइट्स कार्यरत हैं, जहां डेंगू व चिकनगुनिया की मुफ्त जांच व उपचार की सुविधा उपलब्ध है। 2023 की तुलना में 2024 में डेंगू के मामलों में गिरावट आई है। 2023 में जहां 12.42% मरीज पाए गए थे, वहीं 2024 में यह घटकर 10.68% रह गया। पिछले वर्ष चार मौतें हुई थीं, लेकिन इस वर्ष कोई मौत दर्ज नहीं हुई है।

एडीस मच्छर से फैलता है डेंगू

डेंगू एडीस मच्छर के काटने से फैलने वाला वायरल रोग है, जो बरसात के मौसम में अधिक सक्रिय होता है। इसे रोकने के लिए टीकाकरण उपलब्ध नहीं है, इसलिए जन-सहभागिता और स्वच्छता ही प्रमुख बचाव हैं। राज्य के विभिन्न जिलों में प्रभात फेरी, रैली, ग्राम गोष्ठी, क्विज व चित्रांकन प्रतियोगिताओं का आयोजन कर डेंगू से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य कार्यकताओं ने लोगों को मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने की जानकारी दी।

सदर में भी किया गया जागरूक

सदर में जागरूकता के दौरान सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि डेंगू से बचाव के लिए किसी प्रकार का टीका या दवा उपलब्ध नहीं है। डेंगू से बचाव हेतु जनजागरूकता और मच्छरों के प्रजनन स्थल को नष्ट करना आवश्यक है। जिले में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के विभिन्न गांवों और स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 2025 में अभी तक कुल 491 डेंगू के संभावित मरीजों की जांच की गई, जिसमें 14 डेंगू, 12 को-इन्फेक्शन और 5 चिकनगुनिया के रोगी पाये गये हैं, सभी स्वस्थ हो चुके हैं।

प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना के हटाई दुकानें : बाबूलाल मरांडी

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मोरहाबादी मैदान से बिना किसी पूर्व सूचना के दुकानों को हटाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यहां गरीब और आदिवासी समाज के सैकड़ों लोग दुकान लगाकर अपना जीविकोपार्जन करते हैं लेकिन देर रात नगर निगम और लालपुर थाना की टीम ने बगैर किसी पूर्व सूचना के सभी दुकानों को ध्वस्त कर दिया।

मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा कि यदि दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा था तो उन्हें नोटिस देकर दुकान खाली करने का निर्देश दिया जा सकता था लेकिन आधी रात को की गयी कार्रवाई प्रशासन की मंशा पर सवाल खड़े कर रही है। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची के ही मेन रोड में एकरा मस्जिद से डेली मार्केट तक सड़क पर हजारों दुकानें लगती हैं, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित होता है और आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री बताएं कि आपका प्रशासन इन जगहों पर अतिक्रमण हटाने की हिम्मत क्यों नहीं जुटा पाती?

उन्होंने कहा कि मोरहाबादी मैदान के पास प्रशासन द्वारा गैरकानूनी ढंग से गरीब, आदिवासियों की दुकानों को क्षति पहुंचाई गई है। डीसी रांची तत्काल नुकसान का आंकलन कर सभी दुकानदारों को उचित मुआवजा उपलब्ध कराते हुए उनके पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

चैंबर ने ईएसआईसी अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

PHOTON NEWS RANCHI : अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को नामकुम स्थित 220 बेड के नवनिर्मित ईएसआईसी अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल में बीमितों के ईलाज की सुविधा, मरीजों की देखभाल और स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस अस्पताल की व्यवस्था को चैंबर ने संतोषजनक पाया। 220 बेड के नवनिर्मित अस्पताल के चालू होने से प्रदेश में बीमितों के लिए एक अतिरिक्त ईएसआईसी अस्पताल की सुविधा उपलब्ध होने पर प्रतिनिधिमंडल ने संतोष व्यक्त किया। इस क्रम में ईएसआईसी के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन के साथ वार्ता भी की गई। मौके पर चेंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने अस्पताल से सटे हुए भूखंड पर 50 सीट वाले मेडिकल कॉलेज खोलने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस भूखंड का उपयोग मेडिकल कॉलेज खोलने में करना चाहिए। इससे बीमितों के ईलाज की सुविधा में बढोत्तरी के साथ ही स्वास्थ्य क्षेत्र में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शिक्षा में प्राथमिकता मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन भी होगा।

अस्पताल में बातचीत करते चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी व अन्य ● फोटोन न्यूज

छात्रों को खुद के अंदर सफलता की भूख जगाने की जरूरत : शिल्पी नेहा तिर्की

एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय बेड़ो में 62 लाख रुपये की लागत से 10 कमरे वाले भवन का कृषि मंत्री ने किया शिलान्यास

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के बेड़ो एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय में अब भवन के अभाव में छात्रों का नामांकन नहीं रुकेगा। राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 10 कमरों वाले भवन निर्माण योजना की सौगात छात्रों को दी है। प्रांगण में करीब 62 लाख रुपये की लागत से तैयार होने वाले भवन का शिलान्यास मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। बता दें कि ये वहीं एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय है जिसके छात्रों ने भवन, पानी और शौचालय के अभाव में प्रखंड कार्यालय का घेराव किया था। परिसर में पानी और शौचालय की समस्या का समाधान पहले ही किया जा चुका है। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है। अनुशासन। धैर्य और त्याग की बदौलत सफलता को हासिल किया जा सकता है। इसके लिए छात्रों को खुद के अंदर सफलता की भूख को पैदा करना होगा।

फोन के बजाय किताबों से करें दोस्ती

कृषि मंत्री ने कहा कि क्लास रूम एजुकेशन छात्रों के भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। इसलिए विद्यालय में छात्रों के लिए पर्याप्त संख्या में कमरा होना चाहिए। बदलते हुए दौर में आज गांव के अंदर शिक्षित छात्रों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। अब शिक्षा विशेष वर्ग तक सीमित नहीं रह गई, बल्कि शिक्षा हर वर्ग की जरूरत बन गई है। उन्होंने छात्रों से मोबाइल फोन के बजाय किताबों से दोस्ती करने की सलाह दी। शिलान्यास कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य बेरोनिका उरांव, उप प्रमुख मुदसिर हक, सुशांति भगत, बीडीओ राहुल उरांव, सीओ प्रताप मिंज, प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, नवल सिंह, मीर मुस्लिम आदि मौजूद थे।

गुरुजी के विचारों से भटक गया झामुमो : सुदेश

PHOTON NEWS RANCHI : आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा है कि गुरुजी शिबू सोरेन के मूल सोच और विचारधारा से झामुमो भटक चुका है। गुरुजी शराब को समाज के लिए घातक मानते थे, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि खनिज संसाधनों से भरेझपूरे राज्य में शराब बेचकर राज्य का खजाना भरने की बात हेमंत सरकार कर रही है। सुदेश ने यह बातें शुक्रवार को पार्टी के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के बाद मीडिया से बात करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कथनी और करनी में भेद दिख रहा है। पेसा कानून के संबंध में भी राज्य सरकार का रवैया स्पष्ट नहीं है। सुदेश ने कहा कि पेसा कानून को हुबहू लागू किया जाना चाहिए ताकि जनता की भावनाओं का सम्मान हो सके। उन्होंने कहा कि जेपीएससी को पटरी पर लाने में सरकार विफल रही है। इससे राज्य के युवाओं में आक्रोश है।

इससे पूर्व आजसू पार्टी के मिलन समारोह में कई बुद्धिजीवी और युवाओं ने पार्टी का दामन थामा। सुदेश महतो और झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने पार्टी का पट्टा पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया। पार्टी में शामिल होने वालों में संजय साहू, डॉ अमित कुमार साहू, डॉ अभिषेक झा, डॉ अंबुज मिश्रा, मोहित गोप, रोहित प्रजापति, सुभाष गोप, देवेंद्र साहू, अमित साहू सहित अन्य शामिल हैं।

देशवासियों को अपनी बहादुर सेना पर गर्व : सुप्रियो

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भटटाचार्य ने भाजपा पर देश की सेना को अमर्यादित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हम सभी देशवासियों को अपनी बहादुर सेना पर गर्व है, लेकिन भाजपा के नेता बार-बार सेना का अपमान कर रहे हैं, जिसे भाजपा का शीर्ष नेतृत्व संरक्षण दे रहा है। सुप्रियो शुक्रवार को पार्टी के हरमू स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रेदश के मंत्री बिजय शाह की ओर से की गई सेना पर टिप्पणी पर भाजपा की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। उनपर मुकदमा दर्ज करना तो दूर उन्हें मंत्रीपरिषद से बर्खास्त? तक नहीं किया गया। सुप्रियो ने कहा कि भाजपा देश की महिला, किसान और अल्पसंख्यकों के खिलाफ बोलने के लिए प्रोत्साहित करती है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के समय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री का बेटा नौ किसानों को अपनी गाडी से कुचल देता है, लेकिन उसपर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। वहीं भाजपा सांसद ब्रजभूषण सिंह ने महिला पहलवानों पर अत्याचार किया, लेकिन सांसद पर भी भाजपा की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर में सेना के पराक्रम को धूमिल कर दिया। पाकिस्तासन तीन टुकडों में बंट जाता। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने राष्ट्रपति से इन मामलों पर हस्तटक्षेप करते हुए कार्रवाई की मांग की।

मारवाड़ी समाज ने फोर्ब्स मैग्जीन सूची में शामिल साक्षी को दी बधाई

PHOTON NEWS RANCHI : रांची की साक्षी जैन को प्रतिष्ठित फोर्ब्स मैगजीन की 30 अंडर- 30 एशिया सूची में शामिल किए जाने पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारी और सदस्यों ने बधाई दी है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने साक्षी जैन को बधाई देते हुए कहा है कि सोशल मीडिया मार्केटिंग एंड एडवरटाइजिंग कैटिगरी-2025 में साक्षी का चयन होना पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि साक्षी ने पूरे विश्व में परचम लहराते हुए पूरे समाज को गौरवान्वित किया है। इस कैटेगरी में 30 नामों मे से दो भारतीय शामिल हैं, जिसमें एक नाम साक्षी जैन का है। उन्होंने कहा कि साक्षी जैन चार्टर्ड अकाउंटेंट और कंटेंट क्रिएटर हैं। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन और संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बधाई देते हुए कहा है कि साक्षी जैन का फोर्ब्स थर्टी अंडर- 30 एशिया में चयन होना पूरे देश में मारवाड़ी समाज की मान बढ़ा है।

अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प शुरू

रांची-हटिया सहित कई स्टेशनों को बनाया जा रहा हाईटेक

PHOTON NEWS RANCHI : केंद्रीय रेल मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर पूरे देश में अमृत भारत स्टेशन के अंतर्गत 554 से ज्यादा स्टेशनों के पुनर्विकास का काम शुरू करवाया गया है, जो अब अंतिम चरण पर है। इसी कड़ी में झारखंड के विभिन्न रेल मंडल के 57 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास भी शुरू है। इसमें रांची रेल मंडल के रांची, हटिया, रेलवे स्टेशन समेत कुल 15 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प करने की दिशा में कदम बढ़ाएं गए हैं। बताते चलें कि रांची रेल मंडल में कुछ 55 रेलवे स्टेशन हैं। इन स्टेशनों को ई, एफ और जी हॉल्ट स्टेशन के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इस श्रेणी में कुल 20 स्टेशन हैं, ई श्रेणी में 20 स्टेशन, एफ श्रेणी में 9 और जी हॉल्ट स्टेशन श्रेणी में अन्य स्टेशन हैं।

अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में 15 स्टेशनों का चयन हुआ है। जिसका काम युद्ध स्तर पर जारी है। मुख्य रूप से लोहरदगा, बालसिरिंग, गोविंदपुर रोड, बानो, पोरका, नामकुम, गंगाघाट, मुरी, सिल्ली, रामगढ़ कैंट को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन रेलवे स्टेशनों में एस्केलेटर, यात्रियों को बैठने की एसी, नॉन-एसी की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, फुटपाथ, कैंटीन, बाजार, सुरक्षा और पार्किंग के अलावा तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। दूसरी ओर रांची और हटिया रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाने की दिशा में कदम बढ़ा दिए गए हैं। इन रेलवे स्टेशनों पर वह तमाम सुविधाएं उपलब्ध की जा रही हैं, जो सुविधा एयरपोर्ट पर दी जाती है। फ्री वाई-फाई की सुविधा जल्द ही रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध करा दी जाएगी।

रांची रेलवे स्टेशन पर चल रहा विकास का कार्य ● फोटोन न्यूज

रेल परियोजनाओं के लिए बजट निर्धारित

रांची रेलवे स्टेशन को हाईटेक और वर्ल्ड क्लास बनाने के लिए निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। बता दें कि झारखंड राज्य के लिए वर्ष 2024-25 के बजट में 7302 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। झारखंड में रेल परियोजनाओं के लिए 52 हजार 885 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इसी बजट में पूर्व से चल रही रेल परियोजनाओं का विस्तार होगा 1000 करोड़ रुपए से गोयलकेरा-मनोहरपुर थर्ड लाइन का 40 किलोमीटर का विस्तारीकरण किया जाना है। वहीं ढाई सौ करोड़ रुपये से बंडा मुंडा रांची रेल लाइन के 58 किलोमीटर का विस्तार करने में खर्च किए जा रहे हैं। जबकि 9.50 करोड़ रुपये में रांची लोहरदगा टोरी लाइन की 113 किलोमीटर का विस्तार कार्य लगभग पूरा होने को है। वहीं मुरी-बड़काखाना 58 किलोमीटर रेल लाइन के दोहरीकरण समेत 15 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प भी किया जाना है।

एसआर डीएवी ने ताइक्वांडो में जीते 12 पदक

PHOTON NEWS RANCHI : जिला ताइक्वांडो संघ की ओर से आयोजित एक दिवसीय रांची जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक, चार रजत पदक तथा पांच कांस्य पदक सहित कुल 12 पदकों पर अपना कब्जा जमाया।

विद्यालय में शुक्रवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य डॉक्टर तापस घोष की ओर से मेडल पहनाकर सम्मान किया गया। विद्यालय की खिलाड़ी सिमरन रानी, जैना फारुकी, आदित्य तिवारी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं अम्मार अनवर, लक्षिका राज, सीना कुमारी, नंदिनी भारती ने रजत पदक, जबकि आयुर्धा बनर्जी, वर्तिका रानी, प्रियंका बॉयपाई, आकृति सिन्हा और अनुष्का राय ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग है। वर्तमान समय में इसका महत्त्व दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इसके अभ्यास से शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहा जा सकता है। प्राचार्य ने कहा कि खेल - कूद के क्षेत्र में सुनहरे भविष्य की संभावनाएं हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्कूल के सभी खिलाड़ी आगे चल कर राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर भी विद्यालय का नाम रौशन करेंगे।

मां की ममता और समर्पण से संवरता है जीवन : प्रेम रंजन

RANCHI : भारतीय रिजर्व बैंक, रांची क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से मातृ दिवस के उपलक्ष्य में होटल कैपिटल हिल में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुस्तक माई रे पर परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें डॉ रविभूषण, प्रकाश देवकुलिश, प्रमोद कुमार झा, अनिता रश्मि, राकेश कुमार सिंह, पंकज मित्र, उर्वशी, नियति कल्प और अंशुप्रिया ने अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय रिजर्व बैंक, रांची के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह के उद्घाटन वक्तव्य से हुआ। इस अवसर पर उन्होंने मातृ दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे समाज में मातृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अनोखा अवसर बताया।

समाचार सार

पुतरु गांव में बनेगी 1.6 किमी. लंबी सड़क

GHATSILA : पुतरु गांव में एनएच-18 से बजीडांगा गांव तक 1.6 किलोमीटर लंबी सड़क बनेगी। इसका शिलान्यास शिक्षा मंत्री सह घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन ने शुक्रवार को किया। मंत्री ने बताया कि सड़क का निर्माण एक करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से होगा। सड़क काफी दिनों से जर्जर थी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि जसवंत महतो, विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत, प्रखंड अध्यक्ष दुर्गा मुर्मू, काजल डॉन, कालीपदो गोराई, रतन महतो, बाबूलाल मुर्मू, राघवेंद्र शर्मा आदि भी उपस्थित थे।

महाप्रभु जगन्नाथ की देव स्नान यात्रा की तैयारी

GHATSILA : जगन्नाथ सेवा समिति ट्रस्ट, मऊभंडार की ओर से महाप्रभु जगन्नाथ की देव स्नान (कलश) यात्रा 11 जून को होगी। जगन्नाथ सेवा समिति ट्रस्ट, मऊभंडार के पदाधिकारी ने बताया कि इसमें जो भी माताएं-बहनें कलश यात्रा में भाग लेना चाहती हैं, वे मऊभंडार जगन्नाथ मंदिर परिसर में आकर 21 रुपये सहयोग राशि के साथ कूपन ले सकती हैं।

एनसीसी कैडेट बना निर्वाचन आयोग का वॉलंटियर

GHATSILA : संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर के एनसीसी कैडेट जगतराम महतो को निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा मतदाताओं की सहायता करने की वॉलंटियर की जिम्मेदारी मिली है। इसके लिए 19 व 20 मई को आईआईआईडीईएम कैंपस, नई दिल्ली में झारखंड राज्य के वॉलंटियर्स व बीएजी मेंबर्स को दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

समर कैंप में बच्चों ने खूब की मस्ती

GHATSILA : घाटशिला प्रखंड के कालापाथर स्थित ऐंजल्स गॉर्डन स्कूल में दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने खूब मस्ती की। बच्चों ने क्राफ्ट व चित्रकला में भाग लिया, तो फूड स्टॉल और कला प्रदर्शनी का आनंद भी उठाया। इसमें बच्चों द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प व कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य नंदिता अधिकारी, महिमा सरकार, झुमा रानी सीट, गीता सिंह, निशा सिन्हा, प्रियंका सिंकु, अभिषेक राउल, श्याम किशोर बख्शी आदि सक्रिय रहे।

सरायकेला में खुला सांसद कार्यालय

SERAIKELA : सरायकेला स्थित जिला परिषद कार्यालय में शुक्रवार को सांसद जोबा मांझी ने सांसद कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद ने बताया कि वह महीने में दो बार कार्यालय में जनता दरबार लगाएंगी। इससे पूर्व चाईबासा में सांसद कार्यालय खुल चुका है, जबकि जल्द ही गम्हरिया व आदित्यपुर में भी कार्यालय खोला जाएगा। इस अवसर पर झामुमो के जिलाध्यक्ष डॉ. शुभेंदु महतो, गणेश महाली, गणेश चौधरी, कृष्णा बास्के, नगर अध्यक्ष शंभू हाजरा, जॉनी हाजरा, कांग्रेस नेता कालीपद सोरेन समेत काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

बिजली से हुई दुर्घटना में दो साल बाद मिला मुआवजा

GOILKERA : गोइलकेरा प्रखंड के ग्राम कदमडीहा, टोला इचाहातु में 14 जुलाई 2022 को चुड़ी सुरीन तथा उसकी पत्नी सोमवारी सुरीन की बिजली के तार की चपेट में आकर मौत हो गई थी। दो साल बाद मृतक दंपती की पुत्री लागुरी सुरीन को विधायक जगत माझी ने पांच-पांच लाख रुपये का चेक प्रदान किया। गोइलकेरा प्रखंड कार्यालय में विधायक के साथ विद्युत विभाग के सहायक अभियंता जितेंद्र कुमार भी उपस्थित थे।

क्षत्रिय संघ ने मनाई पृथ्वीराज चौहान की जयंती

JAMSHEDPUR : झारखंड क्षत्रिय संघ की गोविंदपुर इकाई ने शुक्रवार को सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोविंदपुर इकाई के अध्यक्ष अशोक सिंह ने की। इसमें संघ के केंद्रीय अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह, महिला इकाई की केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. कविता परमार, केंद्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, बिष्टुपुर अध्यक्ष बीबी सिंह, जुगसलाई अध्यक्ष वाईके सिंह, गोलमुरी अध्यक्ष बच्चा सिंह, टेल्को अध्यक्ष संजय सिंह हितैषी, इकाई के पूर्व अध्यक्ष श्यामकिशोर सिंह, रामनवमी सिंह, आशनंदन सिंह, जलविंदर सिंह, रमन सिंह, जयकुमार सिंह, रंजन सिंह, इंद्रजीत सिंह, मंटू सिंह, बबलू सिंह, जितेंद्र सिंह, चंद्रभान सिंह, सुधीर सिंह, अविनाश सिंह, विकास सिंह आदि भी उपस्थित थे। स्वागत भाषण जिला परिषद के सदस्य डॉ. परितोष सिंह व धन्यवाद ज्ञापन युवा इकाई के अध्यक्ष संतोष सिंह ने किया। इस अवसर पर शंभू सिंह ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान ने 17 बार मोहम्मद गोरी को हराया था।

नवविवाहिता ने शादी के 16 दिन बाद ही कर ली खुदकुशी

दहेज प्रताड़ना का लगाया गया आरोप

PHOTON NEWS JSR : सोनारी थाना क्षेत्र स्थित एमपी रोड मकान नंबर आठ में रहने वाली नवविवाहिता ने दहेज की मांग से प्रताड़ित होकर शुक्रवार को खुदकुशी कर ली। महज 16 दिन पहले रिता कुमारी शादी के बंधन में बंधी थी। पुलिस ने मामले में पति, सास और ससुर के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। गम्हरिया चित्रगुप्त नगर निवासी वैद्यनाथ महतो की बेटी रिता की शादी 29 अप्रैल को सोनारी निवासी चंदन महतो से हुई थी। शादी के बाद से ही रिता को उसके ससुरालवालों द्वारा नई बाइक की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। पीड़िता ने इसकी जानकारी कई बार अपने मायके वालों को भी दी थी।

मृतका की फाइल फोटो

रिता के पिता वैद्यनाथ महतो ने थाना में दर्ज कराए बयान में कहा कि दहेज में बाइक न मिलने के कारण उनकी बेटी की हत्या की गई है और बाद में उसे खुदकुशी का रूप देने के लिए फंदे से लटका दिया गया। घटना के समय रिता का पति चंदन काम पर गया हुआ था। इस बीच उसकी मां सावित्री महतो ने फोन कर चंदन को बताया कि रिता ने खुदकुशी कर ली है। सूचना मिलते ही चंदन घर पहुंचा और ससुराल पक्ष की मदद से रिता को फंदे से उतारकर तत्काल टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) ले गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद सोनारी थाना पुलिस ने रिता के पिता के लिखित बयान के आधार पर पति चंदन महतो, सास सावित्री महतो और ससुर देवेन महतो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मेस के रसोइया ने दो छात्राओं के साथ किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

SONUA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुवा थाना क्षेत्र में एक निजी मेस में रसोइया ने मेस की दो नाबालिग छात्राओं से दुष्कर्म किया था। मामले का खुलासा होने के बाद सोनुवा में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, सोनुवा थाना अंतर्गत धोलाबनी गांव में संचालित एक निजी मेस में गुदड़ी थाना के गिरु गांव निवासी विश्वनाथ गोप रसोइया के रूप में काम करता था। इसी दौरान वह मेस में रहने वाली दो नाबालिग छात्राओं के साथ लगातार दुष्कर्म करता था। आरोपी ने दोनों नाबालिग को काफी डरा कर रखा था। बताया जाता है कि रसोइया ने 14 मई को भी दोनों छात्राओं के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद किसी तरह हिम्मत कर नाबालिगों ने 14 मई की शाम को सोनुवा थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जब आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इस बीच पुलिस ने दोनों नाबालिगों की मेडिकल जांच कराई।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी

जमशेदपुर में सिविल डिफेंस 12 जगहों पर लगाएगा सायरन

JAMSHEDPUR : जिला उपायुक्त सह नागरिक सुरक्षा विभाग, जमशेदपुर के नियंत्रक अनन्य मित्तल के निर्देश पर जमशेदपुर शहर में 12 जगहों पर सायरन (खतरा घंटी) लगाया जाएगा। सिविल डिफेंस जमशेदपुर के प्रधान सहायक सुरेश प्रसाद ने बताया कि एयर रेड वार्निंग मैसेज प्राप्त होने होने के पश्चात यह सायरन बजाकर युद्ध की स्थिति में जनता को सावधान करने के लिए बजाया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर 2 मिनट तक लगातार सायरन बजता है, तो सामान्य स्थिति का संकेत होता है। वहीं अगर यह सायरन 2 मिनट तक रुक-रुक कर बजता है, तो यह खतरे का संकेत देता है। इसे बजाकर जनता को सावधान किया जाता है , ताकि युद्ध की स्थिति में जनता पहले से चौकस एवं सुरक्षित रह सके। सुरेश प्रसाद ने कहा कि 17 मई को बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में पूर्व सैनिकों एवं युवाओं को सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक के रूप में जोड़ने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उक्त कार्यक्रम 17 मई को शाम 4 बजे से शाम 7.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक के रूप में जुड़ने के लिए युवाओं की उम्र सीमा 18 वर्ष से 45 वर्ष तक निर्धारित किया गया है।

हर प्रखंड में सरकार खोलेगी सीबीएसई स्कूल : शिक्षा मंत्री

PHOTON NEWS GHATSILA : झारखंड सरकार सीबीएसई पैटर्न के 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का संचालन कर रही है। इसमें से 64 विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस बार मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। इसी तरह के स्कूल हर प्रखंड में खोले जाएंगे। ये बातें शुक्रवार को गालूडीह के होटल में राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने पत्रकारों से कहीं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही सीबीएसई पैटर्न का एक स्कूल प्रत्येक प्रखंड में खोलने की योजना बना रही है। जल्द ही इस पर भी काम शुरू किया जाएगा। राज्य सरकार शिक्षा को लेकर काफी गंभीर है। मंत्री ने कहा कि रघुवर सरकार ने राज्य के लगभग 7000 प्राथमिक विद्यालय बंद कर दिया था। हेमंत सरकार ने वैसे विद्यालयों को प्राथमिकता के आधार पर खोलने की अनुमति दी है। जल्द ही उन विद्यालय को चिह्नित कर खोला जाएगा। झारखंड के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रारंभिक स्तर से मिले, यह सरकार की प्राथमिकता है। जाति जनगणना के संबंध में मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की यह घोषणा स्वागत योग्य है, परंतु जनगणना के दौरान सरना धर्म कोड का भी कॉलम होना चाहिए, तब जाकर ही झारखंड में जाति जनगणना की जाए। यह भाजपा सरकार की सोची समझी चाल है, ताकि सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र का परिसीमन आसानी से हो सके। इस मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष दुर्गा मुर्मू, जगदीश भकत, काजल डॉन, कालीपदो गोराई, वकील हेंब्रम सब्यसाची चौधरी, सत्यजीत कुंडू, निर्मल चक्रवर्ती आदि भी उपस्थित थे।

गालूडीह में पत्रकारों को जानकारी देते मंत्री रामदास सोरेन ● फोटोन न्यूज

केयू में 21 को होगी सिंडिकेट की बैठक फाइनेंस कमेटी की आज

JAMSHEDPUR : कोल्हान विश्वविद्यालय में सिंडिकेट की बैठक 21 मई को होगी। यह बैठक करीब 8 महीने बाद हो रही है। इसमें परीक्षा समिति, एकेडमिक काउंसिल और फाइनांस कमेटी की पिछली बैठकों में लिए गए फैसलों पर चर्चा होगी। जिन प्रस्तावों को सिंडिकेट मंजूरी देगा, उन्हें लागू किया जाएगा। बैठक में स्नातक 2017 से 2019 के बीच दाखिला लेने वाले छात्रों के जेनरिक पेपर-2 की विशेष परीक्षा पर भी मुहर लगेगी। इससे छात्रों को राहत मिलेगी।

बैठक से पहले 17 मई को फाइनांस कमेटी की बैठक होगी। इसमें फंड आवंटन समेत कई अहम निर्णय लिए जाएंगे। करीब 20 महीने तक कुलपति नहीं होने के कारण विवि में कई फैसले अटके रहे। अब सिंडिकेट की बैठक के बाद विवि के कामकाज में तेजी आने की उम्मीद है। बैठक में दीक्षांत समारोह आयोजित करने पर भी निर्णय लिया जाएगा। इसकी तिथि भी तय हो सकती है। छात्र, शिक्षक और कॉलेज लंबे समय से इस बैठक का इंतजार कर रहे थे।

कार सवार अपराधियों ने महिला से की चेन छिनतई

JAMSHEDPUR : टेल्को कॉलोनी में शुक्रवार को पूर्व सैनिक योगेश्वर नंद सिंह की पत्नी के गले से सोने की चेन छिनतई हो गई। भुक्तभोगी श्वेता सिंह ने बताया कि के बदमाश कार से घूम रहे थे। उन्होंने सोने का मंगलसूत्र छीन लिया और फरार हो गए। श्वेता सिंह मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थीं, तभी टेल्को कॉलोनी के जीई हॉस्टल से लुपिटा चर्च के रास्ते में सुबह करीब 6 बजे यह घटना हुई। ऐसा लग रहा था कि अपराधी घात लगाए बैठे थे। इसके बाद श्वेता सिंह फरियाद लेकर टेल्को थाना पहुंचीं और घटना की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चलती कार में बैठे बदमाशों ने पिछली खिड़की से पीछे से चेन खींच लिया और धक्का देकर लिटिल फ्लावर स्कूल वाले डाउन रास्ते से भाग गए। झपटमारी के दौरान उनकी गर्दन के पिछले हिस्से पर खरोंच भी आई। धक्का देने से हाथ में काफी चोट लगी है। श्वेता सिंह ने बताया कि चेन की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि वह रोज मॉर्निंग वॉक करने जाती हैं। शुक्रवार को भी रोज की तरह ही टेल्को के राधिका नगर, खड़गाझार स्थित अपने घर से निकली थीं। उस वक्त पुलिस की पेट्रोलिंग टीम भी गश्त लगा रही थी। हालांकि, घटना के वक्त वहां पुलिस की पेट्रोलिंग टीम नहीं थी।

भुक्तभोगी महिला

मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री का कांग्रेस ने फूंका पुतला

मानगो में पुतला दहन से पहले नारेबाजी करते कार्यकर्ता ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा सेना पर की गई टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया। मानगो प्रखंड के तत्वाधान में डिमना चौक पर पुतला दहन ओमप्रकाश सिंह व प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि भाजपा के लोग तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं, ज्यादा अच्छा होता कि जगदीश देवड़ा को पार्टी और उपमुख्यमंत्री पद से निकाल देते। विडंबना है कि मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने महिला सैनिकों पर अभद्र टिप्पणी की और अब उनके उप मुख्यमंत्री ने सेना का घोर अपमान किया है।

पूरे देश की जनता सेना के शौर्य पर गौरवान्वित है, लेकिन बीजेपी अपने इन नेताओं पर कार्रवाई करने की जगह उन्हें बचाने में पूरा जोर लगा रही है। हम कभी भी देश के सैनिकों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।

जीएसटी दिवस पर कल निकलेगा साइकिल मैराथन

प्रतीकात्मक तस्वीर

JAMSHEDPUR : जीएसटी दिवस पर फिट इंडिया कैंपेन के सहयोग से बिष्टुपुर स्थित सीजीएसटी आयुक्तालय भवन से 18 मई को सुबह 6 बजे साइकिल मैराथन निकलेगा। यह मैराथन गोपाल मैदान गोलचक्कर से होते हुए मॉन्यूमेंट रोड, बिष्टुपुर थाना, वोल्टास बिल्डिंग, पी एंड एम मॉल होते हुए जीएसटी भवन बिष्टुपुर में समाप्त होगा।

इसका उद्देश्य फिटनेस, कल्याण, कार्यबल के बीच एकता की भावना और देश में जीएसटी के कार्यान्वयन के महत्व को स्मरण दिलाना है।

चाईबासा में वंदेमातरम... से गूंजा शहर, वीरों को दी गई श्रद्धांजलि

ऑपरेशन सिंदूर की विजय गाथा के साथ पश्चिमी सिंहभूम में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

PHOTON NEWS CHAIBASA : ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित लोगों ने शुक्रवार को सुपलसाईं चौक से पोस्टऑफिस चौक तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा की शुरूआत धरतीआबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। राष्ट्रप्रेमियों ने हाथों में तिरंगा थामे देशभक्ति के नारों से वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। चिलचिलाती धूप में भी जनसैलाब उमड़ा रहा, जिसमें हर आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के समापन स्थल पोस्टऑफिस चौक पर वीर सैनिकों का सम्मान किया गया और शहीद राम भगवान केरकेट्टा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद, जिला अध्यक्ष संजय पांडे, गीता बलमुचू, सतीश पुरी, काबू दत्ता, अनूप सुल्तानिया, चंद्रमोहन तिऊ, दिनेशचंद्र नंदी, हेमंत केशरी, पवन शर्मा, राकेश पोद्दार, जयगिरि गोस्वामी, संजू तिर्की, लालु कुजुर, नवीन गुप्ता आदि के अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मारवाड़ी समाज, चैंबर ऑफ कॉमर्स, मारवाड़ी सम्मेलन, हिंदू जागरण मंच, जायंट्स ग्रुप, मारवाड़ी युवा मंच विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, उरांव समाज, बंगाली सेवा समिति, लायंस क्लब चाईबासा विश्वकर्मा समाज, तुरी समाज, निषाद समाज, वीरांगना वाहिनी समेत काफी संख्या में नागरिक शामिल थे।

तिरंगा यात्रा में शामिल भाजपा कार्यकर्ता व अन्य ● फोटोन न्यूज

सीएसआईआर-एनएमएल ने स्वच्छ भारत मिशन के अनुरूप मनाया स्वच्छता पखवाड़ा-2025

महिला सफाई कर्मियों ने किया नृत्य, नाट्य मंचन ने भी बटोरी तालियां

PHOTON NEWS JSR : भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अनुरूप, सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनएमएल), जमशेदपुर ने 1 से 15 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा-2025 मनाया। समापन समारोह के सांस्कृतिक भाग में प्रयोगशाला की महिला सफाई कर्मचारियों द्वारा जीवंत नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसे दर्शकों ने दिल से सराहा। इसके बाद सीएसआईआर-एनएमएल के कर्मचारियों द्वारा एक आकर्षक नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्वच्छता, सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक भागीदारी जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया।

समारोह के एक भाग के रूप में, गणमान्य व्यक्तियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं-जैसे निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, आशु भाषण और कला प्रतियोगिता-के विजेताओं को उनकी भागीदारी और उपलब्धियों के सम्मान में पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। यह पहल सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी के मार्गदर्शन में संचालित की गई और इसका समन्वयन डॉ. शर्मिष्ठा सागर, मुख्य वैज्ञानिक के साथ-साथ जयशंकर शरण, विप्लव विशाल, पंकज कुमार, भोला आजाद, विश्वजीत भौमिक, उदय भास्कर राव और कई अन्य कर्मचारियों की समर्पित टीम द्वारा किया गया।

समापन समारोह के दौरान, डॉ. संदीप घोष चौधरी ने स्वागत भाषण में स्वच्छता पखवाड़ा के महत्व और भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के साथ इसके संरेखण पर जोर दिया। उन्होंने इस तरह की पहलों के दीर्घकालिक सामाजिक और पर्यावरणीय लाभों के तहत, विशेषकर भावी पीढ़ियों की भलाई पर प्रकाश डाला। डॉ. चौधरी ने स्वच्छ और अधिक जिम्मेदार समाज के निर्माण में स्थिरता और पुनर्चक्रण की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम की समन्वयक और मुख्य वैज्ञानिक, डॉ. शर्मिष्ठा सागर ने प्रयोगशाला के विभिन्न परिसरों में पखवाड़े के दौरान आयोजित गतिविधियों का विस्तृत सारांश प्रस्तुत किया। उन्होंने आगे की राह भी बताई और पखवाड़े के बाद भी दैनिक व्यवहार में स्वच्छता और स्थिरता को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन सीएसआईआर-एनएमएल के प्रशासन नियंत्रक जयशंकर शरण द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसके बाद राष्ट्रगान की प्रस्तुति हुई और इसके साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा-2025 समारोह का औपचारिक समापन सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में नृत्य करतीं एनएमएल की महिला सफाईकर्मी ● फोटोन न्यूज

उत्पादकता भी बढ़ाता स्वच्छता : दीपांकर चौधरी

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि दीपांकर चौधरी, आईएएस, परियोजना निदेशक, एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी, पूर्वी सिंहभूम ने कार्यस्थल पर दक्षता बढ़ाने हेतु स्वच्छता की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण न केवल बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देता है, बल्कि कर्मचारियों के मनोबल, एकाग्रता और उत्पादकता को भी महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है। चौधरी ने बताया कि स्वच्छता को महज एक नियमित कार्य के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि एक मौलिक मूल्य के रूप में देखा जाना चाहिए, जो किसी भी संगठन के समग्र अनुशासन और व्यावसायिकता में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

गितिलपी टोली का चापाकल भी सूखने की कगार पर

डीसी ऑफिस पहुंची महिलाएं ● फोटोन न्यूज

CHAIBASA : भीषण गर्मी में पानी की विकराल होती समस्या को लेकर गितिलपी टोली सरजोमगुटू (पंचायत हरिला, थाना मुफस्सिल) के ग्रामीणों ने शुक्रवार को उपायुक्त से मिलकर डीप बोरिंग कराने की मांग रखी। जनहित में इस मांग का समर्थन करने पूर्व सांसद गीता कोड़ा व भाजपा नेत्री गीता बलमुचू भी पहुंचीं। बताया गया कि गांव की आबादी लगभग 200 है, लेकिन पूरे क्षेत्र में मात्र एक सरकारी चापाकल है, वह भी अब सूखने की कगार पर है। ग्रामीणों को दूरदराज के इलाकों से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस मौके पर कृष्णचंद्र सवैयां, वीना रानी करजी, सुशांति बानरा, रानी सवैयां, मनोहर तामसोय, जगन्नाथ करजी, सविता करजी, जानकी गोप, राधिका करजी, जेमा करजी, सुखमति बिरुवा, मालती सवैया समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्रीष्मकालीन भिंडी उत्पादन की उन्नत तकनीक

ग्रीष्मकालीन सब्जियों में भिंडी का प्रमुख स्थान है। ग्रीष्मकाल में भिंडी की अगेती फसल लगाकर किसान भाई अधिक लाभ अर्जित कर सकते है। मुख्य रुप से भिंडी में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट खनिज लवणों के अतिरिक्त विटामिन 'ए', 'सी' थाईमीन एवं रिबोफ्लेविन भी पाया जाता है। भिंडी के फल में आयोडीन की मात्रा अधिक होती है। भिंडी का फल कब्ज रोगी के लिए विशेष गुणकारी होता है। इस लेख में ग्रीष्मकालीन भिंडी की उत्पादन तकनीक की विवेचना की गयी है:-

जलवायु एवं भूमि की तैयारी:- भिंडी के उत्पादन हेतु गर्म मौसम अनुकुल होता है। बीजों के अंकुरण हेतु 20 सेंटीग्रेड से कम का तापमान प्रतिकूल होता है। 42 सेंटीग्रेड से अधिक तापमान पर फूल का परागण नहीं होता है एवं फूल गिर जाते है।

सामान्यतः भिंडी की खेती सभी प्रकार की भूमियों पर की जा सकती है परन्तु हल्की दोमट मिट्टी जिसमें पर्याप्त मात्रा में जीवांश उपलब्ध हो एवं उचित जल निकास की सुविधा हो, भिंडी की खेती हेतु श्रेष्ठ होती हैं। भूमि की दो-तीन बार जुताई कर भूरभूरा कर तथा पाटा चलाकर समतल कर लेना चाहिए।

उन्नत किस्में- अर्का अभय, अर्का अनामिका, परभणी क्रांति, पूसा-ए-4, वर्षा उपहार,

बीज एवं बीजोपचार:- ग्रीष्मकालीन फसल हेतु 18-20 कि.ग्रा. बीज एक हेक्टर बुवाई के लिए पर्याप्त होता है जबकि वर्षाकालीन फसल में अधिक बढ़वार की कारण 12-15 कि.ग्रा. बीज प्रति हेक्टर उपयोग करना चाहिए। ग्रीष्मकालीन भिंडी के बीजों को बुवाई के पूर्व 12-24 घंटे तक पानी में डुबाकर रखने से अच्छा अंकुरण होता है। बुवाई के पूर्व भिंडी के बीजों को 3 ग्राम थायरम या कार्बेन्डाजिम प्रति किलो बीजदर से उपचारित करना चाहिए। संकर किस्मों के लिए 5 कि.ग्रा. प्रति हेक्टर की बीजदर पर्याप्त होती है।

बुवाई:- ग्रीष्मकालीन भिंडी की बुवाई फरवरी-मार्च में की जाती है। फिर भी अगेती फसल हेतु छत्तीसगढ़ क्षेत्र में 15 जनवरी के बाद भी बुवाई की जा सकती हे। यदि भिंडी की फसल लगातार लेनी है तो तीन सप्ताह के अंतराल पर फरवरी से जुलाई के मध्य अलग-अलग खेतों में भिंडी की बुवाई की जा सकती है।

ग्रीष्मकालीन भिंडी की बुवाई कतारों में करनी चाहिए। कतार से कतार दूरी 25-30 सें.मी. एवं कतार में पौधे की मध्य दूरी 15-20 से.मी. रखनी चाहिए। वर्षाकालीन भिंडी के लिए कतार से कतार दूरी 40-45 सें.मी. एवं कतारों में पौधे की बीच 25-30 सें.मी. का अंतर रखना उचित रहता है।

पोषण प्रबंधन:- भिंडी की बुवाई के दो सप्ताह पूर्व 250-300 क्विंटल सड़ा हुआ गोबर खाद मिट्टी में अच्छी तरह मिला देना चाहिए। प्रमुख तत्वों में नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश क्रमशः 60 कि.ग्रा., 30 कि.ग्रा. एवं 50 कि.ग्रा. प्रति हेक्टर की दर से मिट्टी में देना चाहिए। नत्रजन की आधी मात्रा स्फुर एवं पोटाश की पूरी मात्रा बुवाई के पूर्व भूमि में देना चाहिए। नत्रजन की शेष मात्रा को दो भागों में 30-40 दिनों के अंतराल पर देना चाहिए।

जलप्रबंधन:- यदि भूमि में पर्याप्त नमी न हो तो बुवाई के पूर्व एक सिंचाई करनी चाहिए। गर्मी के मौसम में प्रत्येक पांच से सात दिन के अंतराल पर सिंचाई आवश्यक होती है। बरसात में आवश्यकतानुसार सिंचाई करनी चाहिए तथा अतिवृष्टि के समय उचित जलनिकास प्रबंध करना चाहिए।

निदाई-गुड़ाई:- नियमित निंदाई-गुड़ाई कर खेत को खरपतवार मुक्त रखना चाहिए। बोने के 15-20 दिन बाद प्रथम निंदाई-गुड़ाई करना जरुरी रहता है। खरपतवार नियंत्रण हेतु रासायनिक नींदानाशकों का भी प्रयोग किया जा सकता है। बासालिन को 1.2 कि.ग्रा. सक्रिय तत्व को प्रति हेक्टर की दर से पर्याप्त नम खेत में बीज बोने के पूर्व मिलाने से प्रभावी खरपतवार नियंत्रण किया जा सकता है।

फल की तोड़ाई एवं उपजः- किस्म की गुणता के अनुसार 45-60 दिनों में फलों की तुड़ाई प्रारंभ की जाती है एवं 4 से 5 दिनों के अंतराल पर नियमित तुड़ाई की जानी चाहिए। ग्रीष्मकालीन भिंडी फसल में उत्पादन 60-70 क्विंटल प्रति हेक्टर तक होता है।

पौध संरक्षण:- भिंडी के प्रमुख रोग पीत शिरा मौजक एवं चूर्णिल आसिता एवं नुकसानदायक कीट प्ररोह एवं फल छेदक तथा जैसिड है।

पीत शिरा रोगः- यह भिंडी की फसल में नुकसान पहुचाने वाला प्रमुख रोग है। इस रोग के प्रकोप से सर्वप्रथम पत्तियों की शिराएं पीली पड़ने लगती है। तत्पश्चात पूरी पत्तियाँ एवं फल भी पीले रंग के हो जाते है पौधे की बढ़वार रुक जाती है। वर्षा ऋतु में इस रोग का संक्रमण अधिक होता है।

सर्वप्रथम इस रोग के लक्षण वाले पौधे दिखाई देते ही उन्हें उखाड़ कर नष्ट कर देना चाहिए। यह विषाणु जनित रोग सफेद मक्खी कीट द्वारा स्वस्थ पौधों में फैलाया जाता है। अतः रोग संवाहक कीट के नियंत्रण हेतु आक्सी मिथाइल डेमेटान 1 मिली प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करने से रोग का प्रसारण कम होता है। पीतशिरा रोग प्रतिरोधी किस्मों जैसे अर्का अभय, अर्का अनामिका, परभणी क्रांति इत्यादि का चुनाव करना चाहिए। फसल के चारों ओर 2-3 कतार मक्का बोने से भी रोग का फैलाव नियंत्रित किया जा सकता है।

चूर्णिल आसिताः- इस रोग में भिंडी की पुरानी निचली पत्तियों पर सफेद चूर्ण युक्त हल्के पीले धब्बे पड़ने लगते है। ये सफेद चूर्ण वाले धब्बे काफी तेजी से फैलते है। इस रोग का नियंत्रण न करने पर पैदावार 30 प्रतिशत तक कम हो सकती है। इस रोग के नियंत्रण हेतु घुलनशील गंधक 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर 2 या 3 बार 12-15 दिनों के अंतराल पर छिड़काव करना चाहिए।

प्ररोह एवं फल छेदकः- इस कीट का प्रकोप वर्षा ऋतु में अधिक होता है। प्रारंभिक अवस्था में इल्ली कोमल तने में छेद करती है जिससे तना सूख जाता है। फूलों पर इसके आक्रमण से फल लगने के पूर्व फूल गिर जाते है। फल लगने पर इल्ली छेदकर उनको खाती है जिससे फल मुड़ जाते हैं एवं खाने योग्य नहीं रहते है।

जैसिडः- ये सुक्ष्म आकार के कीट पत्तियों, कोमल तने एवं फल से रस चूसकर नुकसान पहुंचाते है।

फल छेदक के द्वारा आक्रमण किये गये फलों एवं तने को काटकर नष्ट कर देना चाहिए। क्विनॉलफास 25 ई.सी. 1.5 मिली लीटर या इंडोसल्फान 1.5 मिली लीटर प्रति लीटर पानी की दर से कीट प्रकोप की मात्रा के अनुसार 2-3 बार छिड़काव करने से जैसिड एवं फल प्ररोह छेदक कीटों का प्रभावी नियंत्रण होता है। फल बनने के उपरांत कीट प्रकोप होने पर 'फेनवेलरेट' 0.5 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर उपर्युक्त बनाये कीटनाशक के साथ अदल-बदल कर प्रयोग करें।

कैसे करें संरक्षित खेती

संरक्षित खेती का मुख्य उद्देश्य सब्जी फसलों को मुख्य जैविक या अजैविक कारकों से बचाकर उगाना होता है। इसमें फसल को किसी एक कारक या कई कारकों से बचाकर उगाया जा सकता है।

संरक्षित सब्जी उत्पादन के लिए सब्जी उत्पादकों को संरक्षित खेती व विभिन्न संरक्षित संरचनाओं की पूर्ण जानकारी होना बहुत आवश्यक है। उसके बाद ही उत्पादक तय कर सकता है कि वह किस प्रकार की संरक्षित तकनीक अपनाकर बेमौसमी सब्जियों का उत्पादन करे। कौन कौन सी संरक्षित प्रौद्योगिकीयॉ हैं जिनमे वह सब्जियों को वर्ष भर उगा सकता है। संरक्षित संरचनाओं को बनाने के बाद में रख रखाव में क्या व्यय होगा तथा उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियों को वह किस बाजार में बेचकर अधिक लाभ कमा सकता है। इन सभी विषयों की जानकारी आवश्यक है।

मुख्यतः सब्जी उत्पादन हेतू उचित व उपयुक्त संरक्षित प्रौद्योगिकी की आवश्यकता उस क्षेत्र की जलवायु पर निर्भर करती है। लेकिन इसके अलावा किसान की आर्थिक दशा, टिकाऊ व उच्च बाजारकी उपलब्धता व बिजली की उपलब्ध्ता आदि कारक भी इसको निर्धारित करते है। सब्जीयों के बेमौसमी उत्पादन हेतू मुख्यत : वातावरण अनुकूलित ग्रीनहाउस, प्राकृतिक वायु संचारित ग्रीनहाउस, कम लागत वाले पॉलीहाउस, वाक-इन-टनल, कीट अवरोधी नेटहाउस तथा लो प्लास्टिक टनल आदि संरचनाओं का उपयोग किया जाता है।

बेमौसमी सब्जियों की संरक्षित खेती के लिए सबजियों की पौध प्लग ट्रे पद्धती से ग्रीनहाउस मे तैयार की जाती है। तथा उसके बाद पौधो को उपयुक्त संरक्षित संरचना में रोपाई करते है।

वाक-इन- टनल तकनीक

वाक-इन- टनल एक प्रकार की अस्थाई संरक्षित संरचना है जो आधा इंच मोटाई के जंग रोधी पाईपों को अर्धगोलाकार आकार मे मोडकर तथा इन्हे सरियों के टुकडो के सहारे खेत में खडा करके उसके उपर पारदर्शी प्लास्टिक की चादर से ढककर बनाया जाता है। इसके मध्य में ऊंचाई लगभग 6 से 6.5 फुट तथा जमीन पर एक सिरे से दूसरे सिरे तक चौडाई 4 मीटर तक होती है।

इस प्रकार की संरक्षित संरचनाओं को सर्दी के मौसम में बेमोसमी सब्जी जैसे लोकी, खरबूजा, तरबूज, खीरा, चप्पनकद्दू , तथा अन्य कद्दू वर्गीय सब्जीयां उगाने के लिए किया जाता है। इस प्रकार की संरक्षित संरचनाओं में दिन के समय जब सूर्य की रोशनी प्लास्टिक पर मडती है तो टनल के अन्दर का तापमान काफी (लगभग 10 से 12 डि.ग्री से.) बढ जाता है । जिससे कद्दू वर्गीय सब्जीयों को कम तापमान के दिनो में भी बढवार करने में सफलता मिल जाती है।

वाक-इन- टनल की लम्बाई आवश्यकता अनुसार बढाई जा सकती है। लेकिन सामान्यत- इनकी लम्बाई 25 से 30 मीटर होती है। इसके तीन प्रमुख कारण हैं- प्लास्टिक की चादर की उपलब्ध माप, टनल में हवा का आदान प्रदान, तथा इस लम्बाई के टनल में मधुमक्खीयों को भी परागण कार्य करने में कोई असुविधा नही होती। इन संरचनाओं को बनाने में लागत भी बहुत कम ही आती है। तथा अस्थाई होने के कारण इनकी देखभाल भी सरलता पूर्वक की जा सकती है।

इन संरचनाओं का उपयोग केवल सर्दी के मौसम (दिसम्बर जनवरी व फरवरी माह) में ही फसल उत्पादन के लिए किया जा सकता है। क्योकि सर्दी के बाद इसके अंदर का तापमान बहुत अधिक बढ जाता है तथा हवा का अधिक आदान प्रदान न होने के कारण तब इनमे फसल उगाना संभव नही होता है। यही नही इनका उपयोग पहाडी क्षेत्रों मे और भी लम्बे समय तक सब्जी उत्पादन के लिए किया जाता है। इसी प्रकार इन संरचनाओं को ठंडे रेगिस्तानी क्षेत्रों मे भी सब्जी उत्पादन के लिए उपयोग मे लाना सम्भव है।

छतरपुर के गांधी आश्रम में जैविक खेती का अद्भुत प्रयोग

यहां जैविक, परंपरागत और टिकाऊ खेती की किताबी बातें नहीं की जातीं बल्कि जमीन पर नजर भी आती हैं। कड़कड़ाती ठंड और पाला भी इस इलाके में लगी दलहनी फसलों को नुकसान नहीं पहुंचा पाया। पेड़-पौधों की रंगत देखकर ही लगता है कि यहां की मिट्टी ने अपनी खोयी ताकत और ऊर्जा फिर पा ली है। यह कोई वर्षों की मेहनत नहीं बल्कि केवल चार साल की लगन का नतीजा है। मिसाल पेश करने वाले हैं - संजय और दमयंती। जिस बुदेलखंड में पिछले पांच सालों में भयंकर सूखे से किसानों की कमर टूट गई है, उसी धरती पर एक जगह ऐसी भी है, जहां खुशियों की खेती लहलहा रही है। विदर्भ के बाद मध्यप्रदेश में किसानों की बढ़ती आत्महत्याओं के बीच खेती का यह प्रयोग एक मिसाल पेश करता है। यहां जैविक, परंपरागत और टिकाऊ खेती की किताबी बातें नहीं की जातीं बल्कि जमीन पर नजर भी आती हैं। कड़कड़ाती ठंड और पाला भी इस इलाके में लगी दलहनी फसलों को नुकसान नहीं पहुंचा पाया। पेड़-पौधों की रंगत देखकर ही लगता है कि यहां की मिट्टी ने अपनी खोयी ताकत और ऊर्जा फिर पा ली है। यह कोई वर्षों की मेहनत नहीं बल्कि केवल चार साल की लगन का नतीजा है। मिसाल पेश करने वाले है संजय और दमयंती और जगह है छतरपुर।

टिकाऊ खेती की बात से पहले आपको थोड़ा सा इतिहास जानना जरूरी होगा। गांधी आश्रम छतरपुर ऐतिहासिक महत्व की जगह है। अंग्रेजी शासन काल के बाद दीवान साहब के बंगले से यह जगह गांधी विचारों को आगे ले जाने का एक केन्द्र बनी। तत्कालीन दीवान ने विनोबा के भूदान आंदोलन से प्रेरित होकर इस बंगले और बंगले से लगी जमीन को गांधी विचारों के लिए समर्पित कर दिया। उसके बाद इसे गांधी आश्रम के नाम से विकसित किया गया। सांस्कृतिक-साहित्यिक-सामाजिक गतिविधियों को यहां से संचालित किया जाता रहा। सत्तर के दशक में जब चंबल में डाकुओं का आतंक अपने चरम पर पहुंचकर आत्मसमर्पण की ओर बढ़ा तब इस प्रक्रिया की बुनियाद इसी आश्रम के पुस्तकालय से पड़ी। जयप्रकाश नारायण के साथ यहां डाकुओं की बातचीत हुई और इसके बाद डाकुओं ने आत्मसमर्पण भी किए। गांधी का ग्रामस्वराज, बुनियादी तालीम और टिकाऊ विकास की अवधारणाओं की झलक इस छोटे से आश्रम में दिखाई देती है। बीच में एक लंबा दौर ऐसा भी आया जब यह आश्रम भूमाफियों और सामाजिक गतिविधियों के केन्द्र में तब्दील हो गया।

2006 में गांधी विचारों से जुड़े संजय और दमयंती जब इस जगह आए तो उन्होंने ठान लिया कि यहां की तस्वीर को बदलने के लिए वह कठिन परिश्रम करेंगे। खेती-किसानी और प्रकृत्ति प्रेमी भाई ने इस आश्रम से लगे लगभग चालीस एकड़ खेत में जैविक खेती के प्रयोग को शुरू करने की योजना बनाई। एक ओर जहां नकद फसलों ने फसलों की विविधता को खत्म कर दिया है वहीं इस आश्रम में उन्होंने अलग-अलग फसलों को अपनाया। इस छोटी सी जमीन पर गेहूं, चना, सरसों, अरहर, ज्वार, मक्का, जौं सहित ऐसी फसलें लीं जो सीधे-सीधे किसान अपने खाने के लिए भी उपयोग करते हैं। दरअसल खेती का परंपरागत तरीका था भी यहीं कि किसान ज्यादातर खाद्यान्न और मसाले अपने खेतों में पैदा किया करते थे और उन्हें हर चीज के लिए बाजार की ओर मुंह नहीं देखना पड़ता था, अब किसान गेहूं-सोयाबीन पैदा तो खूब कर रहे हैं, लेकिन दाल-मसालों के लिए वह बाजार पर निर्भर है। खेती की इस विविधता से आश्रम की व्यवस्थाएं भी स्वतः संचालित होती है। यहां तक की सब्जी और फलों का उत्पादन भी आश्रम से ही हो जाता है। इस खेती की सबसे बड़ी बात यह है कि पिछले चार सालों से यहां रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर एक पैसा भी खर्च नहीं किया गया। वर्मी कम्पोस्ट और गोमूत्र के जरिए यहां की फसलों को जान मिलती है। 40 एकड़ के इस क्षेत्र को आश्रम के केवल सात कार्यकर्ता अंजाम देते हैं। संजय भाई बताते हैं कि आज के इस दौर में जैविक खेती करना थोड़ा कठिन जरूर लग सकता है पर यह असंभव कतई नहीं है। हम अपने खेतों में उतना ही समय खर्च करते हैं जितना दूसरे किसान। पर यहां आपको यह समझना होगा कि जमीन क्या चाहती है। किस तरह की जमीन पर किस तरह के फसल ठीक रहेगी यह समझना होगा।इस आश्रम की एक खास बात यह है कि आप यहां पूरी तरह जैविक भोजन का आनंद ले सकते हैं। यहां तक की दाल-मसाले और तेल भी खुद की उगाई गई तिल का। इस आश्रम में चल रही खेती के प्रयोग को समझने फ्रांस के निकोलस आए हैं। निकोलस कहते हैं कि 'वह भारत में जैविक खेती के अलग-अलग प्रयोगों को उन्होंने देखा, लेकिन यह प्रयोग सबसे अद्भुत है। इसलिए भी क्योंकि यह गांधी के विचारों से जुड़ा हुआ है। गांधी ग्राम स्वराज की बात करते थे और गांव की अर्थव्यवस्था के एक मॉडल की बात करते थे जहां कि ग्रामवासी आपसी व्यवहार में अपने साझा जीवन को अंजाम देते थे। यह प्रयोग अपने आप में दिलचस्प है।' यही कारण है कि वह न केवल इस खेती पर अध्ययन कर रहे हैं बल्कि इस प्रयोग के साथ इतना रम गए हैं कि वह खुद खेतों में पसीना बहाते हैं। बिहार के सामाजिक कार्यकर्ता भावेश भी इस प्रयोग के साथ जुड़कर काम कर रहे हैं। वह कहते हैं कि कम लागत की इस खेती को जीवन के साथ जोड़कर भी देखा जाना जरूरी है।

भारत में जहरीली शराब रोकने ऑपरेशन सिंदूर-2 की सख़्त जरूरत!



किशन सनमुखदास भावनानीं

भारत में जहरीली शराब से नरसंहार कब तक?- मृतकों के घर के चूल्हे उजड़ बन रहे मातमगाह-कब जागेगी सरकारें?भारत में जहरीली शराब रोकने ऑपरेशन सिंदूर- 2 की सख़्त जरूरत ! नकली जहरीली शराब से मृतक के परिवारों के लिए मुआवजे का ऐलान,आरोपियों की गिरफ्तारी, जमानत निचली से ऊपरी कोर्ट तक की प्रक्रिया-पीड़ित परिवारों की जिंदगी समाप्त?

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के हर देश के शौकीनों के लिए शराब को एक अमृत रस के रूप में टॉनिक की उपमा दी जाती है। खुशी के अनेकों मौकों पर शराब दावत को देखा जा सकता है। मैं ग्राउंड रिपोर्टिंग में देखा हूं कि, नाम मात्र की परमिशन जरूर होती है परंतु नियमों विनिमयमों कानूनों की धज्जियां जवाबदेही रखने वालों के नाक के नीचे उड़ती है, बंद लिफाफा होटों पर टेप और आखों पर पट्टी का काम करता है, यह तो हाई प्रोफाइल समिति का उदाहरण है,ठीक वैसे हीबॉटम स्तर पर दारू भट्ठियों, मोहल्ला चौकों,में नंबर दो की तथाकथित नकली एथोनल का उपयोग कर बनाई गई शराब का सेवन मध्यम वर्ग, गरीब वर्ग, मजदूर वर्ग करते हैं, यहां भी इन्हीं जवाबदेहों के होटों पर लिफाफे की टेप और आँखों पर पट्टी लगा दी जाती है, जिनके परिणाम स्वरुप पंजाब में बटाला तरनतारन संगरूर जैसे कांड तथा भारत के अनेकों राज्यों में अनेकों केस होते रहते हैं जिनकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहेहैं,क्योंकि दिनांक 13 मई 2025 को पंजाब अमृतसर के पास मजीठा गांव में जहरीली शराब पीने से देर रात्रि 12 तक मेरी जानकारी के अनुसार 21 लोगों की मृत्यु की खबर मीडिया मेंआ चुकी थी। सीएम साहब ने मृत्को के परिवार वालों को 10 लाख रुपयों के मुआवजे की घोषणा की है,व घटना से जुड़े 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (हत्या) व 105 (गैरइरादतन हत्या) के साथ आबकारी अधिनियम,अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण)अधिनियम संबंधी धाराएं लगाई गई है। परंतु मैं एक अधिवक्ता होने के नाते देखता रहा हूं कि नकली जहरीली शराब से जुड़े परिवार वालों के लिए मुआवजे की घोषणा, आरोपियों की गिरफ्तारी, जमानत, निचली अदालत से ऊपरी कोर्ट तक प्रक्रिया चलती है, तबतक पीड़ित परिवार वालों की जिंदगी शायद समाप्त हो जाती होगी? चूँकि भारत में जहरीली शराब रोकने ऑपरेशन सिंदूर-2 की सख़्त जरूरत है, तथा सभी राज्यों में एक कॉमन बात कि,नकली शराब से जुड़े परिवार वालों के लिए मुआवजे की घोषणा, आरोपियों की गिरफ्तारी,जमानत बॉटम से ऊपरी कोर्ट तक वर्षों तक कानूनी प्रक्रिया चलती है तब तक पीड़ित परिवार वालों की जिंदगी शायद समाप्त हो जाती है? इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में जहरीली शराब का नरसंहार आखिर कब तक? मृतकों के घर के चूल्हे उजड़ बन रहे मातमगाह, कब जागेगी सरकार? बता दें इस आर्टिकल में दी गई जानकारी की सटीकता का प्रमाण नहीं है, क्योंकि यह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से उठाई गई है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 13 मई 2025 को जहरीली

शराब सेवन कांड की करें तो, अमृतसरःपंजाब के अमृतसर जिले के मजीठा ब्लॉक में जहरीली शराब पीने से 21 लोगों की मौत हो गई है, जिससे इलाके में मातम छा गया है, यह घटना ब्लॉक के भंगाली कलां,थारीवाल संघा और मरारी कलां जैसे गांवों में हुई। जिला प्रशासन ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है।पंजाब सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इस मामले में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं और 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, उन चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है जो सप्लायरों से शराब खरीदकर गांवों में बेच रहे थे, इस घटना को लेकर पंजाब पुलिस के महानिदेशक(डीजीपी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि,दुर्भाग्यपूर्ण घटना में नकली शराब के कारण हुई दुखद मौतों के बाद पंजाब पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की, जिनमें मुख्य सरगना और कई स्थानीय विक्रेता शामिल हैं, ऑनलाइन खरीदे गए मेथनॉल का इस्तेमाल नकली शराब बनाने में किया गया था। पूरे मामले की जांच चल रहीहै, ताकि कार्य प्रणाली का पता लगाया जाए और सभी दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाए।

